दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली।। रविवार 25 अगस्त -2024 | वर्ष : 8 अंक : 315 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## विधानसभा उपचुनाव में यूपी की सभी दस सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी आजाद समाज पार्टी - चंद्रशेखर आजाद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा क्षेत्र नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आने वाले विधानसभा उपचुनाव में हमारी पार्टी यूपी की सभी 10 सीटों पर पूरे मजबूती के साथ चुनाव लड़ने वाली है।

गाजियाबाद सदर विधानसभा में हमने सत्यपाल चौधरी जैसे कर्मठ और संघर्षशील प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। नवयुग मार्केट के अंबेडकर पार्क में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि यहां से जाने के बाद आप सभी लोग हमारी पार्टी के सिद्धांतों को आम लोगों के बीच प्रसारित करें। इस अवसर पर गाजियाबाद के आसपा प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने सत्यपाल चौधरी ने कहा कि अबकी बार जनता पूर्णतया बदलाव के मूड में है और गाजियाबाद की जनता भाजपा के खेल को भली भांति समझ चुकी है।




# सदस्यता अभियान से पहले लगी जिला-महानगर प्रभारी मानवेन्द्र सिंह की कार्यशाला

### प्रत्येक बूथ पर बनाये जायेंगे कम से कम 200 नए भाजपाई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन आईटीएस कॉलेज मोहननगर के सभागार में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से ज़िला महानगर प्रभारी विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। कार्यशाला का संचालन महामंत्री और अभियान संयोजक पप्पू पहलवान ने किया। सदस्यता अभियान कार्यशाला में महानगर के पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मंडलाध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ प्रकल्पों के कार्यकताओं आदि ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक की शुरूवात में पार्टी द्वारा भेजी गई वीडियो क्लिप को स्क्रीन पर चलाकर हुई। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने प्रस्तावना के रूप में संगठन के कार्य आबंटन को विस्तार से प्रभारी मानवेंद्र सिंह के सम्मुख रखा।

### टोलफ्री नंबर पर लगवानी है मिस्ड कॉल और बनाने हैं हर बूथ पर 200 नए भाजपाई



करंट क्राइम। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मानवेंद्र सिंह ने कहा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने 2024 भाजपा सदस्यता अभियान के तहत भाजपा को और बड़ा करने के लिये 1 सितंबर से सदस्यता अभियान का पहला चरण शुरू होगा। जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा द्वारा शुरू किया जाएगा। यह अभियान 25 सितम्बर तक चलेगा। दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा और प्रत्येक बूथ पर भाजपा ने 8800002024 टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल करके प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 नये लोगों को सदस्यता दिलाने के लक्ष्य से कार्य किया जायेगा। मानवेंद्र सिंह ने कहा संगठन की आत्मा सदस्यता है। सदस्यता पार्टी का मूल आधार है। सदस्यता सभी वर्गों के बीच जाकर करेंगे और सभी को पार्टी के विषय जानकारी देने का कार्य करेंगे।



### सभी मंडलों में होगी सदस्यता अभियान की कार्यशाला और पूरा करेंगे लक्ष्य : संजीव शर्मा



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा भाजपा संगठन पार्टी महापर्व सदस्यता अभियान की तैयारी को लेकर आगामी दो दिनों में सभी मंडलों की सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित की जायेंगी। संगठन सदस्यता अभियान को शहर नगर गाँवों के बूथों पर चलाकर महानगर के सभी कर्मठ कार्यकताओं के साथ मिलकर पूरा करेंगे।

### पूर्व मेयर-पूर्व मंत्री-पूर्व विधायक सहित ये भाजपाई रहे कार्यशाला में मौजूद



करंट क्राइम। इस दौरान पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, अमर दत्त शर्मा, सरदार एसपी सिंह, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, संदीप त्यागी, उपाध्यक्ष चमन चौहान, बॉबी त्यागी, संजय कश्यप, प्रदीप चौहान, सुनील यादव, प्रदीप चौधरी, रनीता सिंह, बीएल गौतम, कुलदीप त्यागी, गुंजन शर्मा, अश्वनी शर्मा, संजीव चौधरी, उदिता त्यागी रेनू चंदेला, किरण सिंह, अनीता शर्मा, कविता सिरोही, दीपिका चौहान, विरेंद्र सारस्वत, विजेंद्र चौहान, संजय रावत, प्रतीक माथुर, राजेश शर्मा, महिम गुप्ता, ओम दत्त कौशिक, सरदार हरप्रीत सिंह, अमित कल्याणी, पंकज भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय रक्षा मंत्री के निधन की झूठी खबर चलाने पर मुकदमा दर्ज

### भाजपा कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने की FIR

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य और कुशलता की कामना उनके सभी समर्थक करते हैं। बीते दिनों जब उनका स्वास्थ्य जरा सा खराब हुआ था तो कुशलक्षेम जानने वालों का ताता लग गया था। ऐसे में कोई इतनी बड़ी राजनीतिक हस्ती को लेकर गंभीर समाचार चला दे तो समर्थकों को सदमा पहुंचना निश्चित है और यह किसी भी दृष्टि से सही नहीं कहा जा सकता। जब तक कोई खबर कन्फर्म ना हो, वो प्रकाशित या प्रसारित दोनों ही नहीं होनी चाहिए। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निधन की झूठी खबर एक निजी यूट्यूब चैनल पर प्रसारित हुई। इस खबर के प्रसारित होते ही अचानक राजनाथ सिंह के समर्थकों में कोहराम मच गया और सब एक दूसरे को फोन मिलाने लगे। इसी बीच पता चला कि यह खबर झूठी है और एक निजी यूट्यूब चैनल ने चलाई है। इसके बाद झूठी खबर चलाने वाले चैनल को लेकर जन आक्रोश पैदा होने लगा। राजनाथ सिंह के समर्थकों ने भी ऐसी खबर चलाने वाले चैनल की निंदा की। इसके बाद शालीमार गार्डन निवासी भाजपा कार्यकर्ता राजेश सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। राजेश सिंह ने अपनी तहरीर में निजी यूट्यूब चैनल का नाम लेते हुए लिखा कि इस चैनल ने निधन की झूठी खबर चलाई है जिससे केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थकों में रोष व्याप्त है। इस कृत्य से देश भर में भारी प्रदर्शन और विरोध हो सकता है। इसके बाद पुलिस ने राजेश सिंह की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता 197, 353 सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन की धारा 66 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।



शालीमार गार्डन थाना प्रभारी नरेंद्र को तहरीर देते शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजेश सिंह, पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद रवि भाटी

# दुर्घटना के शिकार हुए उप निरीक्षक हरिश्चंद्र शर्मा की हुई मौत, पुलिस लाइन में अधिकारियों ने दी सलामी

### शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय के सामने हुए थे दुर्घटना के शिकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस ऑफिस के बाहर शुक्रवार को ड्यूटी कर रहे उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र शर्मा पेड़ की डाली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर में चोट आई थी। उन्हें गंभीर हालत में यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरांत पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई और सलामी देने का कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया।



### सीपी से लेकर एसीपी ने दी सलीमी

करंट क्राइम : मृतक को अंतिम सलामी देने के खुद पुलिस कमिश्नर ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा दिया। उनके साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कई आईपीएस और वरिष्ठ अधिकारी पुलिस लाइन में रहे। इस दौरान मातमी धुन भी बजाई गई। बता दें कि मृतक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र शर्मा कवि नगर थानाक्षेत्र की कोर्ट चौकी में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। शुक्रवार को वह ड्यूटी पर पुलिस ऑफिस के सामने मौजूद थे, इसी दौरान बारिश के दौरान एक पेड़ टूट कर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से उनकी मृत्यु हुई है। पुलिस लाइन में हुई उनके सलामी कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सीपी अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी मसूरी नरेश कुमार, एसीपी प्रियाश्री पाल, एसीपी सलोनी अग्रवाल एसीपी, अजय सिंह ने उन्हें सलामी दी।

## 'नगर आयुक्त महोदय के नाम खुला पत्र!!'

### नगरायुक्त महोदय,

# मैंने मंच से अनुरोध किया था कि दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को ठेके पर मत देना : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।**

पता चला है कि नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार जिसको संचालित करने के लिए ठेके पर दिया गया था उंसके द्वारा नगर निगम को प्रीमियम का भुगतान न किये जाने के कारण नगर निगम ने सील कर दिया है। अब इसे पुनः ठेके पर देने की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बंध में आपसे निम्न अनुरोध करना चाहता हूं -

मैं इस सभागार की स्थापना से जुड़ा हूं इसलिए मेरा इससे भावात्मक लगाव भी है। 1997 में जब मैं पंचायतीराज मंत्री था तब मेरे प्रयास से जनसंघ के संस्थापकों में प्रमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पावन स्मृति में पंचायती राज विभाग द्वारा निर्माण प्रारम्भ कराया था। इसका शिलान्यास तत्कालीन आवास और नगर विकास मंत्री और भाजपा के बड़े नेता स्व. श्री लालजी टण्डन के कर कमलों से सम्पन्न कराया था। इसके लिए जीडीए ने सम्भवतः 15,000 वर्गमीटर भूमि निशुल्क प्रदान की थी और प्रदेश सरकार ने 2लाख रुपये की पहली किस्त जारी की और निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया था। यह तब क्यो पूरा नहीं हुआ इसकी भी एक कहानी है। उसे कभी फिर बताऊंगा क्योंकि आज जो अनुरोध करना चाहता हूं ,वह गौण हो जाएगा।




**महोदय, मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप कल्याणकारी राज्य की एक संस्था के अधिकारी हैं। नगर निगम स्वयं में जनसुविधाओं को प्रदान करने वाली संस्था है। नगर निगम जो सुविधाएं नागरिकों को देती है, उनके आधार पर टैक्सों का निर्धारण नहीं होता। अतः आप भी व्यावसायिक मनोभावों से मुक्त होकर लोककल्याण की भावना से प्रेरित होकर मेरे सुझावों पर विचार करें।**

जिस दिन इसका उदघाट्न हुआ था ,उस दिन मुझे भी बुलाया गया था और अपनी बात कहने का अवसर भी दिया था। तब भी मैंने मंच से अनुरोध किया था कि इसे संचालन के लिए ठेके पर मत देना। नगर निगम स्वयं से इसका संचालन करे ताकि नगर वासी कम कीमत अदा करके इसका लाभ उठा सकें। साहित्यिक सांस्कृतिक ,शैक्षणिक ,प्रशासनिक और व्यवसायिक गतिविधियों के लिए एक न्यायसंगत दर पर यह लोगों को उपलब्ध हो ,ये इसकी स्थापना से ही इसका उद्देश्य था। नगर निगम स्वयं नगर के नागरिकों के लिए सुविधापूर्वक जीवन जीने को सरल और सहज बनाने वाली संस्था है। नगर निगम कई चैरिटेबिल गतिविधियो का संचालन करती है। जैसे खेल के मैदान ,अखाड़े ,सार्वजनिक स्थलों पर जल व्यवस्था , शिक्षण संस्थाओं का संचालन ,बच्चों और नागरिकों में साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु कई सुविधाएं प्रदान करना भी उनका एक आवश्यक कार्य है। नगर निगम कोई व्यवसायिक संस्था नहीं है। उसका उद्देश्य धन कमाना नहीं है। वह अपनी संस्थाओं / भवनों को धनार्जन का माध्यम नहीं बना सकती है। उंसके सारे कार्य लोककल्याण की भावनाओ पर आधारित हैं। इसलिए नगर निगम अपने सभागार को लाभ कमाने के लिए मंहगे दरों पर नहीं दे सकती है। जैसे उसने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सभागार को भारी भरकम रकम (12.21लाख प्रतिमाह किस्त 18% जीएसटी और 1.50 लाख रुपये प्रतिमाह बिजली का फिक्स चारजिज )ठेके पर दिया। और ठेकेदार ने उसे लोगों को अपने कार्यक्रमो के संचालन के लिए 1लाख रुपये प्रतिदिन की दर से देते थे। बोली लगाकर अधिकतम दर पर ठेका लेने वाला भी पूरा आर्थिक लाभ लेना चाहेगा। इस तरह से चैरिटेबिल संस्था संस्था / भवन व्यवसायिक हो जाती है। चैरिटी का कोई भाव नहीं रहता है। दूसरे ठेकेदार इसके मेंटिनेंस पर भी एक पैसा खर्च नहीं करता है और संस्था / भवन बहुत कम समय मे बर्बाद हो जाती है।

महोदय, मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप कल्याणकारी राज्य की एक संस्था के अधिकारी हैं। नगर निगम स्वयं में जनसुविधाओं को प्रदान करने वाली संस्था है। नगर निगम जो सुविधाएं नागरिकों को देती है, उनके आधार पर टैक्सों का निर्धारण नहीं होता। अतः आप भी व्यावसायिक मनोभावों से मुक्त होकर लोककल्याण की भावना से प्रेरित होकर मेरे सुझावों पर विचार करें। हो सकता है कि इस संस्था को नगर निगम के माध्यम से संचालित करने में आपको कोई बड़ी कठिनाई हो और उसे ठेके पर देना मजबूरी हो तो फिर ठेके की बोली के बजाय एक तर्कसंगत कीमत निर्धारित करो और उसमें दो शर्ते जोड़ो।

एक तो इससे अधिक दर से आप किसी नागरिक से धन नहीं वसूलेंगे।यह राशि इतनी कम होनी चाहिए ताकि शहर में साहित्यिक सांस्कृतिक शैक्षणिक ,मनोरंजक आदि गतिविधियों को प्रोत्साहन मिंले। जैसे आप साइकिल के ठेके में साइकिल वाले से लेने वाले धन की दर निर्धारित करते हैं। दूसरे उसके मेंटिनेंस पर वर्ष भर में इतना धन ( एक तर्क संगत राशि निर्धारित हो )अवश्य खर्च करेंगे। ताकि उपभोक्ता को कम कीमत पर अपने कार्यक्रमों के लिए भवन उपलब्ध हो सके। और संस्था का रखरखाव भी होता रहे।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप व्यवसायिक मानसिकता से ऊपर उठकर, लोककल्याण की भावना से प्रेरित होकर नगर निगम को लाला जी की दुकान की तरह संचालित करने से बचते हुए ,मेरे सुझाव पर अवश्य विचार करेंगे।

*इस महानगर का एक जागरूक नागरिक*

**-बालेश्वर त्यागी**

# सांसद चंद्रशेखर को काले झंडे दिखाने पर युवक को कार्यकर्ताओं ने घेरकर पीटा, अस्पताल में भर्ती, पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

### दर्ज होगा मुकदमा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर नगीना सांसद गाजियाबाद में थे। उनका नवयुग मार्केट में कार्यक्रम था। आरोप है कि इस दौरान आकाश कुमार चंदेल नाम के व्यक्ति ने चंद्रशेखर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काले झंडे दिखाये। नारेबाजी का विरोध करते हुए चंद्रशेखर की पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने आकाश को घेर लिया और उसकी पुलिसकर्मियों के सामने ही पिटाई शुरू कर दी। हालांकि यातायात पुलिसकर्मी और सिविल पुलिस सब इंस्पेक्टर ने बाद में युवक आकाश को अपने कब्जे में लिया और उसके शरीर पर चोट होने की वजह से अस्पताल लेकर गए, जहां भर्ती कराया गया है। वहीं युवक पर आरोप है कि वह आम आदमी पार्टी का पूर्व कार्यकर्ता रहा है। वर्तमान में वह रॉयल वाल्मीकि संगठन से जुड़ा हुआ है और उसने राजनीतिक के तहत यह विरोध प्रदर्शन किया है। इस मामले में घंटाघर कोतवाली पुलिस को भी लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर मामले की जांच कर रही है, इसमें जल्द ही मुकदमा भी लिखा जा सकता है।




### आकाश ने पहले ही दी थी चेतावनी, सिस्टम रहा अनजान

**करंट क्राइम :** आकाश चंदेल वर्तमान में उत्तर प्रदेश रॉयल वाल्मीकि आर्मी का प्रभारी है। उसने 24 अगस्त को भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद के गाजियाबाद आगमन पर विरोध प्रदर्शन के पोस्टर सोशल मीडिया पर डाले थे। हालांकि इस मामले को लेकर पुलिस और लोकल इंटेलीजेंस एक्टिव नहीं हुआ और यही वजह थी कि जैसे ही आकाश चंदेल ने विरोध और झंडा दिखाएं तो भीम आर्मी पार्टी के सांसद चंद्रशेखर के समर्थकों ने उसकी धुनाई कर दी। उसके सिर और शरीर पर चोट आई हैं, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### पुलिसकर्मियों ने बचाई युवक की जान

करंट क्राइम : नवयुग मार्केट में जिस दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद का कार्यक्रम शुरू होने वाला था, इसी दौरान आकाश चंदेल ने विरोध प्रदर्शन किया। काले झंडे दिखाये, उसको कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। तो यहां मौजूद यातायात पुलिसकर्मी और एक सब इंस्पेक्टर ने उसे बचाने का काम किया वरना विरोध प्रदर्शन करने वाले इस युवक पर सांसद चंद्रशेखर के कार्यकर्ता जानलेवा हमला भी कर सकते थे।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**लोनी, करंट क्राइम।** थाना अंकुर विहार पुलिस ने मुखबिर की एक दुष्कर्म को गिरफ्तार किया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 12 :30 बजे करीब पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने किसी बहाने से लड़की को घर बुला लिया पड़ोस के नाइट जान पहचान थी इसलिए लड़की उसके घर चली गई और उस समय घर में वह अकेला था दुष्कर्मी तौहीद ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। लड़की अपने घर पहुंची तो उसने सारी घटना को उजागर किया लड़की की मां तत्काल थाना अंकुर बिहार पहुंची और उसने पुलिस को सारी घटना बताई पुलिस ने लड़की की मां के शिकायत पत्र पर नसबंदी कॉलोनी अलबी नगर निवासी तोहिद पुत्र नूर मोहम्मद के विरुद्ध बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कर ली तथा बलात्कारी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर दी पुलिस टीम ने शनिवार को दुष्कर्म का आरोपी तोहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ट्रक लूट में पुलिस ने चौथे बदमाश को किया गिरफ्तार



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास ट्रक लूट करने के मामले में फरार चल रहे एक अन्य बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटा गया सामान भी बरामद किया है। बता दे कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास गत 19 अगस्त की रात को चालक को बंधक बनाकर चार बदमाश किराना के सामान से भरा कंटेनर लूट लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। गत 21 अगस्त को पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का खुलासा कर दो ट्रक व अन्य सामान बरामद किया था। इस मामले में एक बदमाश फरार चल रहा था ,जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीम लगी हुई थी। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने चौथे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम शहजाद निवासी गांव बदरखा थाना छपरौली जिला बागपत बताया है। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटा गया सामान भी बरामद किया है।

### दुकान के गल्ले से 52 हजार रुपए की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की रेलवे रोड स्थित पूजा वाली गली दुकान से बदमाश 52 हजार रुपए चोरी कर ले गए। बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाना मसूरी के गांव नूरपुर निवासी विक्रांत गर्ग की नगर में रेलवे रोड पर पूजा वाली गली कॉलोनी में कपडों का शोरुम है। दुकानदार ने बताया कि दोपहर सवा तीन बजे के आसपास अचानक मेरी आंख लग गई। इसी बीच एक बदमाश आया और दुकान के गल्ले से 52600 रुपए चोरी करके ले गया। काफी देर बाद जब दुकानदार की आंख खुली तो चोरी के बारे में बता चला। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चैक करने पर एक युवक चोरी करता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### विहिप के 60 वर्ष पूर्ण होने पर 11 स्थानों पर आयोजित होंगे हिन्दू सम्मेलन

**लोनी, करंट क्राइम।** विश्व हिन्दू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होंगे कार्यक्रम विहिप ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज हित में कई लक्ष्य तय किए हैं जिसमें परिवार प्रबोधन समाज में समरसता और मतांतरण पर रोक प्रमुख हैं विहिप की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई में 1964 में हुई थी विहिप के गाज़ियाबाद जिला मंत्री अजय शर्मा ने बताया कि ये सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है की वक़्फ़ संशोधन विधेयक को लेकर जेपीसी की बैठक आरंभ हो गई है दूसरा बांग्लादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाए जाने का मुद्दा भी इन सम्मेलनों में उठाया जाएगा जिला स्तर पर होने वाले इन कार्यक्रमों में प्रांत के पदाधिकारी का मार्गदर्शन मिलेगा वहीं दूसरी ओर अनुसूचित समाज व महिला वक्ता आयोजन के केंद्र होंगे यह सम्मेलन 24 अगस्त से 1 सितंबर तक चलेंगे।

### एक शाम खाटू वाले के नाम भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन ओमनगर शिव मंदिर में किया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ओम नगर के शिव मंदिर में बाबा श्याम के जन्म दिवस पर भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया । आयोजन रात्रि 8 बजे से प्रारम्भ हो कर अलसुबह तक चलता रहा। इस आयोजन में गायक ने बांस की बांसुरी पर कानु घणो ईतरावे, जन्म दिन बाबा का, गरबा आदि भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जिसमें भक्त अपने आप को रोक नहीं पाये ओर जम कर नाचे । गायक ने शानदार प्रस्तुतियां दी, वही भव्य बाबा का दरबार सजाया गया। अलसुबह तक चले इस आयोजन में युवा वर्ग एक जैसे कुर्ते नामें पहने आकर्षण का केंद्र थे। वही आय सभी का सहयोग मिला। वही श्याम परिवार के सभी सदस्य हरिओम कसाना, सुरेंद्र चौहान, कन्हैया लाल, राजीव त्यागी, भूपेश रावल, हनी चौधरी, सौरभ गुप्ता, श्रवण कुमार भक्त उपस्थित रहे।

# नफरत की फसल काटने वालों की सियासी जमीन सदा के लिए हो गई बंजर : सीएम योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नफरत की फसल काटने वालों की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेंस की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। सीएम योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन कर फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है। सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है। कांग्रेस व एनसी का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है और भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी विशेष तौर पर सीएम योगी के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कॉन्फ्रेंस की घोषणा का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता कर अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है? सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल उपद्रवियों के परिजनों को सरकारी नौकरी में बहाल कर आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है? सीएम योगी ने आरोप लगाया कि इस गठबंधन से कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा देश के सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुर्जरों, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेशनल कांफ्रेंस के वादे का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख़्त-ए- सुलेमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं। सीएम ने कहा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने-चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की एनसी की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं? सीएम योगी ने कहा कि आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों के कथित स्वयंभू भाग्य विधाता बन बैठे नेताओं ने नौजवानों को गुमराह कर अलगाववादी साजिश का मोहरा बनाया था। इन लोगों ने उनके हाथों में पत्थर और एके-47 पकड़ाई थी।

## इंटीरियर डिजाइनर की हत्या का खुलासा, साली से बात करने पर जीजा ने किया मर्डर

### मुख्य आरोपी पवन है जिम ट्रेनर, तीन आरोपी दबोचे, छह हैं अभी फरार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम थानाक्षेत्र से लापता इंटीरियर डिजाइनर की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई है। पहले रस्सी से गला दबाकर उसे बसुद किया गया। फिर उसके कई टुकड़े कर मौत के घाट उतारा और शव को बुलंदशहर के पास गंग नहर में ले जाकर फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ हत्या, अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पवन की साली से मृतक तरुण पंवार बातचीत किया करता था, यही हत्या की वजह बनी है। शनिवार को पुलिस लाइन में डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि पुलिस ने पवन ,वंश ,अंजलि, दीपांशु, अक्षय, जीते, अंकुर, मनोज और अंकित के खिलाफ अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बता दें की 16 अगस्त की रात से केडब्ल्यू सृष्टि राजनगर एक्सटेंशन निवासी तरुण पंवार गायब था।

#### 9 आरोपियों की है हत्या में सहमति

**करंट क्राइम।** पुलिस पूछताछ में पवन और वंश ने बताया है कि साथी दीपांशु, अंकित, अंजलि पत्नी वैभव ,अक्षय, जीते अंकुर सभी ने पहले हत्या करने के लिए शरीर के टुकड़े किए थे। पुलिस ने इस मामले में हत्या में प्रयुक्त फवड़ा, दरांती, खून से सने दो गद्दे, मृतक की किया गाड़ी और घटना में इस्तेमाल वैगनआर कार बरामद की है।

#### डीएनए टेस्ट से होगी मृकत की पहचान

**करंट क्राइम।** यहां बंद कमरे में रस्सी से उसका गला दबाया, जिससे तरुण बेसुध हो गया। इसके बाद उसको इतना पीटा कि मौत हो गई। फिर फावड़े और दरांती से लाश के 5-6 टुकड़े करके उन्हें गंगनहर में फेंक दिया। वारदात में अंजलि सहित कुल 9 लोगों की भूमिका सामने आई है। तीन आरोपियों अंजली, पवन, वंश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस बाकी 6 की तलाश कर रही है। ये बुलंदशहर जिले की रामगढ़ झाल है, जहां पर मृतक का एक पैर अटका हुआ था। पुलिस मृतक के शव का डीएनए टेस्ट भी करवाएगी ताकि मृतक की पहचान पुष्ट हो सके।

## धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुलमोहर एन्क्लेव आरडब्लूए के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल को भुगतने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश भी कर रही है। बता दें कि गुलमोहर के बाहर बने कूड़ाघर की समस्या को गौरव बंसल व अन्य स्थानीय निवासियों ने उठाया था। जिसके बाद कूड़ा निस्तारण का ठेका लेने वाली फर्म नेचर ग्रीन को अपने सुपरवाईजर रोहित यादव को हटाना पड़ा था। नौकरी से हटाए जाने से नाराज रोहित पिछले कई दिनों से अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर गौरव बंसल को ढूंढ रहा था। दो दिन पूर्व भी रोहित ने गौरव को फोन पर भुगतने की धमकी दी थी और उसके बाद वह सोसायटी भी पहुंचा था और सिक्योरिटी गार्डों से अभद्रता करते हुए जबरन सोसायटी में घुसने का प्रयास भी किया था।

## बालकिशन गुप्ता ने किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन बालू, अशोक भारतीय एवं लायंस क्लब गाजियाबाद समर्पण ने भविष्य इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद के प्रांगण में 175 पौधों का रोपण किया। इस कार्य में राष्ट्रीय व्यापार मंडल लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प एवं आशा फाउंडेशन ने मिलकर यह पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने बहुत सहयोग दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बालकिशन बालू, अशोक भारतीय, शशि सिंह, नीता भार्गव, ज्योति तोमर, पूनम भारद्वाज, उन्नति, केके शर्मा, एवं सभी बच्चों कासहयोग मिला।

## बदले गए तीन निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र, दो को मिला थानों का प्रभार

### अजय कुमार बने मसूरी के प्रभारी, तो योगेंद्र सिंह को मिला साहिबाबाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार की देर रात पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में निरीक्षक स्तर के तीन थ्री-स्टारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया। साथ ही दो थानों के प्रभारी भी बदले गए हैं।

निरीक्षक अजय कुमार को साहिबाबाद थाना प्रभारी से प्रभारी निरीक्षक मसूरी बनाया गया है। तो नरेश कुमार शर्मा को प्रभारी निरीक्षक मसूरी से अतिरिक्त निरीक्षक खोड़ा बनाया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नर के वाचक योगेंद्र सिंह पर अधिकारियों ने फिर भरोसा जताते हुए, उन्हें साहिबाबाद थाने की कमान सौंपी है। वैसे योगेंद्र सिंह पूर्व में भी इंदिरापुरम थाना के प्रभारी रह चुके हैं। इन पोस्टिंग के पीछे की वजह बताई जा रही है कि देहात में एक प्रकरण हो गया था, जिसके बाद यह बदलाव वाली लिस्ट सामने आई है। उधर अजय कुमार और योगेंद्र सिंह पर जिस तरीके से अधिकारियों ने भरोसा जताया है, उसकी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा हो रही है।

#### लगातार चार्ज पर बने हुए हैं अजय कुमार



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अजय कुमार पूर्व में लोनी में लंबा चार्ज संभाल चुके हैं। तो वह साहिबाबाद में भी लंबी पारी खेल कर आए हैं। अब उन्हें देहात जोन के मसूरी थाने की कमान दी गई है। मसूरी थानाक्षेत्र देहात जोन के प्रमुख थानों में माना जाता है। साथ ही यहां बड़ी आबादी भी रहती है। हाईवे का थाना होने की वजह से यहां आपराधिक वारदातें भी पुलिस के लिए एक चैलेंज रहती हैं। देखना होगा अजय कुमार यहां कैसी पारी खेल पाते हैं।

#### साहिबाबाद का क्राइम योगेंद्र को देगा ओपन चैलेंज



**करंट क्राइम।** निरीक्षक योगेंद्र सिंह पूर्व में इंदिरापुरम थाने में स्नैचिंग और घरों में होने वाली चोरी को लेकर टेंशन में रह चुके हैं। तो फिर वह पुलिस आयुक्त के वाचक के रूप में लंबे समय से सेवा दे रहे थे। फिर अधिकारियों ने उनको साहिबाबाद थाने का प्रभार दिया है। साहिबाबाद में क्राइम उनके लिए चैलेजे रहेगा। देखना है वह उसमें कितने सफल होंगे।

## स्वर्गीय शेर सिंह मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय शेर सिंह मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे छात्रों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया। प्रबंधक शांतनु शर्मा, उप प्रबंधक प्रियांशु शर्मा, प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने छात्रों के शानदार खेल की प्रशंसा की तथा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। संदीप नगर, अभिषेक शर्मा, अभिमन्यु, पंकज आदि खेल शिक्षकों ने खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता व्यवस्था को खेल भावना से आत-प्रोत रखा। प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने कहा कि जिंदगी एक खेल है और खेलना जरूरी है। हार जीत तो होती रहती है। कुछ सीख के जाना है मनोबल को बढ़ाना है। सभी को आयोजन के लिए बधाई देते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन के इतिहास के बारे में प्रतिभागियों को बताया। साथ ही पीवी सिंधु, साइना नेहवाल की तरह देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद और अलगाववाद में धकेलना चाहती है एनसी, जवाब दें राहुल गांधी : किशन रेड्डी



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नेशनल कांफ्रेंस पर जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी से सवाल पूछा है कि क्या कांग्रेस एनसी के घोषणापत्र से सहमत है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच हुए गठबंधन के खिलाफ देशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस से सवाल पूछने के अभियान के तहत देश की राजधानी दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता जी. किशन रेड्डी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में राज्य में फिर से अनुच्छेद-370 और 35 ए लाने का वादा किया है। राहुल गांधी बताएं कि क्या वह जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने के नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे के साथ खड़ी है ? क्या राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करते हैं ? उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस पर पूरी तरह से हिंदू विरोधी एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या कांग्रेस भी शंकराचार्य पर्वत का नाम बदलकर तख़्त-ए-सुलिमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मारन रखने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने राज्य से 370 हटाकर दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण दिया, महिलाओं के अधिकारों से जुड़े कानूनों सहित कई महत्वपूर्ण केंद्रीय कानूनों को लागू किया ? राहुल गांधी बताएं कि क्या कांग्रेस इन सभी अधिकारों को जम्मू कश्मीर की जनता से छीन लेने के नेशनल कांफ्रेंस की घोषणा का समर्थन करती है। जम्मू कश्मीर के चुनाव प्रभारी ने आगे यह भी बताया कि भाजपा जम्मू कश्मीर के गांव-गांव और घर-घर जाकर राज्य के लोगों को कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन और घोषणापत्र के बारे में बताएगी। भाजपा राज्य की जनता से यह भी अपील करेगी कि वह विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन को मजहब के नजरिए से नहीं देखे। क्योंकि यह चुनाव जम्मू कश्मीर के विकास, उनके अधिकार और आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसी आधार पर सोच-समझकर फैसला करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर, वहां बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को पूरी तरह से लागू किया लेकिन देशभर में संविधान की बात करने वाले राहुल गांधी की सहयोगी नेशनल कांफ्रेंस जम्मू कश्मीर से फिर से बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को हटाने की बात कर रही है, इस पर राहुल गांधी की क्या राय है ? उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र से जुड़े अन्य सवालों को भी उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को जम्मू कश्मीर और देश की जनता को इन सवालों के जवाब देने चाहिए। पीडीपी से गठबंधन को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद 370 हटाने से पहले की बात थी। अब माहौल पूरी तरह से बदल गया है। भविष्य में (चुनाव बाद भी) अब पीडीपी को साथ लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## भाजपा शासित राज्यों में 'बुलडोजर एक्शन' पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** भाजपा शासित राज्यों में अपराधियों के घर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल उठाए हैं।

खड़गे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाया जाना बेहद परेशान करने वाला है। कानून के शासन वाले समाज में ऐसी कार्रवाइयों का कोई स्थान नहीं है। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि बुलडोजर न्याय पूरी तरह अस्वीकार्य है, यह बंद होना चाहिए। कांग्रेस नेता का बयान ऐसा वक्त में जब मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में आरोपी के घर को बुल्डोजर से जमींदोज किया गया। अब भाजपा शासित राज्यों में अपराधियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "किसी का घर ध्वस्त करना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाया जाना बेहद परेशान करने वाला है। कानून के शासन वाले समाज में ऐसी कार्रवाइयों का कोई स्थान नहीं है। खड़गे ने आगे लिखा, कांग्रेस पार्टी भाजपा की राज्य सरकारों की संविधान की घोर अवहेलना करने और नागरिकों में भय पैदा करने के लिए बुलडोजर चलाने की रणनीति की कड़ी निंदा करती है। अराजकता प्राकृतिक न्याय की जगह नहीं ले सकती - अपराधों का फैसला अदालतों में होना चाहिए, न कि राज्य प्रायोजित दबाव के जरिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है। लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना -- यह न्याय नहीं है। यह बर्बरता और अन्याय की पराकाष्ठा है। उन्होंने लिखा, कानून बनाने वाले, कानून के रखवाले और कानून तोड़ने वाले में फर्क होना चाहिए। सरकारें अपराधी की तरह व्यवहार नहीं कर सकतीं। कानून, संविधान, लोकतंत्र और मानवता का पालन सभ्य समाज में शासन की न्यूनतम शर्त है। जो राजधर्म नहीं निभा सकता, वह न तो समाज का कल्याण कर सकता है, न ही देश का। बुलडोजर न्याय

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 25 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# क्या भाजपा करेगी रालोद के इकलौते दावेदार पर कोई विचार
# मीरापुर एक्सचेंज फार्मूला लेकर आये हैं इन्द्रजीत टीटू सरदार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इन्द्रजीत सिंह टीटू गाजियाबाद की एक पुरानी सियासी शख्सियत हैं। चुनाव लड़ने का वो कई बार ऐलान कर चुके हैं लेकिन उनकी दावेदारी उम्मीदवारी में तब्दील नहीं हो पाई है।



एक बार फिर इन्द्रजीत सिंह टीटू उम्मीदवार बनना चाहते हैं और इस बार वो ये उम्मीद कर रहे हैं कि भाजपा खुद न लड़कर ये सीट गठबंधन में रालोद को दे दे। रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को भी लैटर लिखा और उन्हें समझाया कि वो क्यों उम्मीदवार बनना चाहते हैं। इन्द्रजीत सिंह टीटू मीरापुर एक्सचेंज फार्मुला लाये हैं। राष्ट्रीय लोकदल ने जब प्रेस कांफ्रेस की तो ये प्रेस कांफ्रेंस भी उपचुनावों को लेकर थी और यहीं पर इन्द्रजीत सिंह टीटू ने रालोद के




प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय को लैटर दिया। उन्हें पूरा मैटर बताया। अपना पोलिटिक्ल प्रोफाईल बताया और फिर उन्होंने इस सीट पर मीरापुर फार्मुला समझाया। सवाल अब यही है कि क्या भाजपा रालोद के इकलौते दावेदार की दावेदारी पर कोई विचार करेगी।

### टीटू चाहते हैं मीरापुर मिले बीजेपी को और रालोद को मिले गाजियाबाद शहर सीट


करंट क्राइम। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखा। उन्हें बताया कि मुझे शहर विधानसभा की हर गली और हर चौराहे की जानकारी है। मेरा पर्सनल तौर पर हर जाति और हर धर्म के व्यक्ति से सम्पर्क है क्योंकि मेरा जन्म गाजियाबाद तुराब नगर का है। मैं गैरविवादित नेता हूं और ईमानदार नेता की मेरी छवि है। आप मेरी कार्यशैली के बारे में कहीं से भी सर्वे करवा सकते हैं। मैं चाहता हूं कि जैसे मीरापुर से हमारे विधायक सांसद हो गये हैं और वहां पर भी उपचुनाव होना है तो क्या गठबंधन के तहत ये पोसिबल हो सकता है कि मीरापुर के साथ-साथ रालोद को गाजियाबाद शहर सीट मिल जाये या मीरापुर सीट बीजेपी को दे दी जाये और शहर विधानसभा पर राष्ट्रीय लोकदल का कैंडीडेट आ जाये। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि अगर पार्टी मेरी बातों पर विचार करे और मुझे चुनाव लड़वाती है तो शहर सीट जीतकर अपने नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की झोली में डालने का भरोसा दे सकता हूं।

### हालांकि संभावनाओं का प्रतिशत है 0.001 लेकिन फिर भी उम्मीद पर दुनिया कायम

करंट क्राइम। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने जो फार्मुला बताया है वो मौजूदा हालात में संभव लग नहीं रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी हो सकता है और सब अपनी बात रख रहे हैं। ऐसे में जिन सीटों पर भाजपा पहले से मजबूत है उन सीटों को वो किसी भी स्कीम में नहीं देना चाहेगी। प्रदेश अध्यक्ष आये तो बात रखी गई और यहां पर ये बात भी आई कि जिस फार्मुले पर इन्द्रजीत सिंह टीटू टिकट चाहते हैं उस फार्मुले के लागू होने की संभावना ही 99.99 के 0.001 से भी कम है। लेकिन ये दिल है कि मानता नहीं है और दिल मानता तो राष्ट्रीय लोकदल वाले कोई स्कीम लेकर ही नहीं जाते। हालांकि टीटू ने ये हिम्मत दिखाई है और उससे उनके समाज के चुनावी और सियासी चेहरों को बल मिलता है। सब पंजाबी दावेदारी की बात कर रहे हैं लेकिन इन्द्रजीत सिंह टीटू ने बाकायदा पत्र लिखकर दावेदारी की है, जिक्र किया है फार्मुले बताये हैं।

# प्रताप विहार वाले बूथ पर चली संगठन की लाठी
## ऐसा क्या हुआ कि शेर-ओ-शायरी पर आ गये सरदार सिंह भाटी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किस्सा उस पार वालों का है और किस्से में लाईन पार आ गया। किस्से में एक ऐसा मोड़ आ गया जब किसी को बूथ छोड़ने पड़े और किस्से में शायरी वाला मोड़ आ गया। सरदार सिंह भाटी भाजपा पार्षद रहे हैं वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता की अपनी एक चाल है। कुछ दिनों पहले उन्होंने लाईन पार क्षेत्र में निकली तिरंगा रैली में प्रमुखता से भाग लिया था। वो प्रताप विहार क्षेत्र के बूथ संख्या 98, 99, 100, 101 के सैक्टर प्रभारी थे। तिरंगा यात्रा के बाद से ही माना जा रहा था कि फ्लैग के स्वैग आयेंगे और ऐसा ही हुआ भी। प्रताप विहार वाले सैक्टर प्रभारी वाले पद से सरदार सिंह भाटी की विदाई हो गई। सरदार सिंह भाटी पर जब संगठन की लाठी चली तो वो भी शायराना अंदाज में आ गये।

उन्होंने लिखा कि लोग अक्सर मुझे कहते हैं कि बावला हूं मैं, उनको क्या पता कि जनता का लाडला हूं हैं। इतना डर तो जरूरी था। इतना ही नहीं सरदार सिंह भाटी ने लिखा कि सैक्टर प्रभारी विजयनगर 2 गाजियाबाद विधानसभा प्रताप विहार के बूथ संख्या 98, 99, 100, 101 से हटाकर अपनी छोटी सोच बता दी। बहरहाल सरदार सिंह भाटी ने इसके बाद कोई मोर्चा ऐसे ना खोलकर शायराना अंदाज में खोला है। उन्होंने अपने शब्दों में सारे किस्से को बोला है। सरदार सिंह भाटी की तिंरगा यात्रा के एक्शन के बाद से ही एक रिएक्शन तो आना ही था और वो आ गया।

सरदार सिंह भाटी ने फिलहाल शेर-ओ-शायरी के माध्यम से अपना मत रखा है। कुछ इसी ट्रैक पर आजकल संगठन के कई रूठे हुए पदाधिकारी भी फेसबुक पर बिना किसी का नाम लिए अपने निशाने साध रहे हैं। देखना अब यह है कि सरदार सिंह भाटी की शायरी की यह गूंज क्या माहौल बनाती है।

# मुख्यमंत्री के गाजियाबाद आने से पहले भाजपा के किस क्षेत्रीय पदाधिकारी को पुलिस ने कर दिया था नजरबंद

### पांच पुलिस कर्मियों ने रात में ही डाल दिया था भाजपा के इन नेता के घर नजरबंदी का घेरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आमतौर पर ये होता है कि अगर मुख्यमंत्री आ रहे हैं तो उनके आगमन से पहले जिन भी समाजिक संगठनों या राजनीतिक व्यक्तियों से किसी प्रकार की गडबडी की आशंका होती है तो उन्हें पुलिस प्रशासन पहले ही नजर बंद कर देता है। इसका उद्देश्य कोई मुकदमा दर्ज करना नहीं है और इसमें किसी को थाने भी नहीं लाया जाता है। बस पुलिस उस व्यक्ति के घर खुद पहुंच जाती है और वहां डेरा डाल देती है। आमतौर पर विपक्ष के नेताओं को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आये तो पेरेंट्स एसोसिएशन की सीमा त्यागी और समाजवादी पार्टी के जीतू शर्मा को नजरबंद किया गया। यहां तक तो सब ठीक था लेकिन एक घटना ऐसी हुई कि कमल वालों के यहां कमाल हो गया। जब मुख्यमंत्री को आना था तो भाजपा के एक क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारी के यहां पुलिस पहुंची। ये क्षेत्रीय पदाधिकारी मूल भाजपाई हैं और अपनी पूरी सियासी लाईफ में भाजपा का झंडा उठाया है। वो ये सोच भी नहीं सकते थे कि पुलिस की नजर में वो इतने बड़े क्रान्तिकारी हैं कि अपनी सरकार में भी उन्हें नजरबंद होना पड़ेगा। वो अपने घर पर मौजूद थे तब सीएम के आने की पूर्व संध्या पर उनके घर की डोरबैल बजी और देखा कि बाहर पुलिस कर्मी खड़े थे।

पुलिस कर्मियों ने भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी को बताया कि आपको नजरबंद किया जाता है। ये क्षेत्रीय पदाधिकारी कोई और नहीं बल्कि भाजपा क्षेत्रीय अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान थे। प्रदीप चौहान हैरान कि हमारी ही सरकार और हम ही नजरबंद हो रहे हैं। तब पता चला कि उन्होंने कोई ज्ञापन देने की बात कही थी। ये ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की मांगों से सम्बन्धित था। अब प्रदीप चौहान हैरान की चलो ज्ञापन देना है लेकिन ये बात पुलिस को कैसे पता चली। तब उन्हें पुलिस वालों ने ही बताया कि आपने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से ये जिक्र किया होगा और ज्ञापन वाली बात पुलिस तक आ गई। बहरहाल प्रदीप चौहान ने तुरंत ही सांसद अतुल गर्ग और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को फोन मिलाया। ये भी एक अच्छी बात थी कि दोनों ने प्रदीप चौहान का फोन उठाया। तब प्रदीप चौहान ने उन्हें पूरा मामला बताया। उन्हें समझाया कि अगर मैं ही भाजपा की सरकार में नजरबंद हो जाऊंगा तो आप ही बताओ की पूरा मौहल्ला और समाज के लोग मुझे किस नजर से देखेंगे कि अपने मुख्यमंत्री के आने पर मैं ही नजरबंद हो गया। तब जाकर सांसद और अध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों से बात की और मामला सुलझाया। इसके बाद प्रदीप चौहान नजरबंदी की कैद से छूटे। भले ही अगले दिन प्रदीप चौहान कार्यक्रम में भी पहुंचे लेकिन उन्होंने पक्ष में रहकर विपक्ष वाली फील तो मुख्यमंत्री के आने पर ले ही ली।

# रालोद प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय ने कहा, उपचुनाव की 10 सीटों पर मिलेगी गठबंधन को जीत

### सीट को लेकर नहीं है कोई दबाव, बूथ लेवल तक पार्टी को किया जा रहा है मजबूत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपनी जमीनी तैयारी पर जुट चुकी है, तो वहीं उत्तर प्रदेश में गठबंधन के रूप में राष्ट्रीय लोकदल ने भी लगातार अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय गाजियाबाद आए और यहां संगठन और पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश आशीष राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन है। हम एनडीए के साथ हैं और उपचुनाव को लेकर लगातार राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर बैठकें की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाजियाबाद में भी बैठक रखी गई। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद पश्चिम उत्तर प्रदेश का प्रमुख शहर है और यहां गठबंधन के रूप में हम जो आवश्यक सहयोग है उसे जारी रखेंगे।



पत्रकारों ने उनसे पूछा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी क्या डिमांड रखेगी और क्या विचार किया जा रहा है। इस पर आशीष राय का कहना है कि राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के रूप में भारतीय जनता पार्टी की मदद में है। लगातार संगठन और प्रदेश नेतृत्व के बीच वातार्लाप चल रही है। उन्होंने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन 10 सीटों पर जीत हासिल करेगा और इसमें रालोद की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।




### सीटों की अभी नहीं हुई है कोई बात, पर बूथ को किया जा रहा है मजबूत

**करंट क्राइम :** पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय ने कहा है कि अभी सीटों पर कोई बात नहीं की गई है। मीरापुर की सीट रालोद के खाते से थी, अभी ना किसी पर कोई दबाव है। आरएलडी लगातार बैठकर कर रहा है ताकि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक ही लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर प्रलोद का कार्यकर्ता हो।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले जयंत और योगी की मुलाकात सकारात्मक

**करंट क्राइम :** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि बीते दिनों जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों की समस्या मुख्यमंत्री के सामने रखी, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी को भरोसा जताया है कि वह किसानों की इस समस्या पर जल्द ही कोई फैसला लेंगे। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय का कहना है कि योगी के साथ हुई बैठक बेहद सकारात्मक रही है।

### लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भ्रम पैदा किया : आशीष राय

करंट क्राइम : राष्ट्रीय लोकदल के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष आशीष राय का कहना है कि लोकदल ना बदली है और ना वह अपने मूल उद्देश्य से भटकी है।



लोकसभा चुनाव में जिस तरीके से विपक्ष ने भ्रम पैदा करने का काम किया, उसकी वजह से कई सीटों पर नुकसान हुआ है। इस बार जो विधानसभा उपचुनाव होना है, उसको लेकर इसीलिए प्रत्येक जनपद में जहां चुनाव होने हैं, वहां राष्ट्रीय लोकदल बूथ स्तर की बैठक कर रहा है और पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम किया जा रहा है। शनिवार को हुई पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से इंद्रजीत सिंह टीटू, एडवोकेट अजय वीर सिंह, सामंत सेखरी, इंद्र विक्रम, रेखा चौधरी सहित अन्य रालोद नेता उपस्थित रहे।

# स्कूल टीचर का धर्मांतरण करने वाला एचआर मैनेजर गिरफ्तार
## टीचर के पति और बच्चों ने देखा था महिला का नमाज वाला अंदाज

### कवि नगर पुलिस ने आरोपी फैसल खान को किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के कवि नगर थानाक्षेत्र स्थित शास्त्री नगर चौकीक्षेत्र के एक क्रिश्चियन स्कूल की टीचर के साथ धर्मांतरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कवि नगर पुलिस ने स्कूल के ही पूर्व एचआर मैनेजर फैसल खान निवासी सी-ब्लॉक गोविंदपुरम को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी फैसल खान ने अपने मोबाइल में धर्म परिवर्तन कर रही महिला का नाम रफा




के रूप में सेव कर रखा था। पुलिस ने बताया है कि महिला और आरोपी 2023 जून से एक दूसरे को जानते थे। आरोपी ने पहले अपनी प्यार भरी बातों में महिला को फंसाया और फिर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करना शुरु कर दिया था। पुलिस को महिला और आरोपी एचआर मैनेजर फैसल खान की मोबाइल चैट में नमाज से लेकर मुस्लिम रीति रिवाज के फोटो, कब्रिस्तान की वीडियो और उर्दू में बात करने की हिस्ट्री मिली है। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। साथ ही इस मामले में कई अन्य सबूत भी जुटाने का काम किया जा रहा है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा है कि कवि नगर पुलिस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की है।

### महिला टीचर को बच्चों और पति ने देखा तो वह नहीं लगाती थी सिंदूर

**करंट क्राइम :** पुलिस की ओर से इस मामले में वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र सिंह और कप्तान सिंह जांच कर रहे हैं। उन्होंने आरोपी को सूचना के आधार से डीडीपीएस स्कूल गोविंदपुरम के पास से गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि फैसल पहले इसी स्कूल में एचआर मैनेजर था। बाद में उसने यहां से नौकरी छोड़ दी और नोएडा की एक निजी कंपनी में नौकरी करने लगा, लेकिन दोनों के बीच जो प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था, वह धर्म परिवर्तन की ओर बढ़ने लगा था। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस को बताया है कि उसने कई बार महिला को घर में नमाज पढ़ने की पोजीशन में देखा था। साथ ही महिला के बच्चों ने भी देखा था कि महिला ने सिंदूर और साड़ी पहनना बंद कर दिया है।

### व्हाट्सएप की लंबी चैट से खुले कई गहरे राज

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है जब महिला की शिकायत के बाद उससे पूछताछ शुरू की गई तो वह पहले पुलिस को तमाम बातें नहीं बता रही थी। जब पुलिस ने महिला का मोबाइल लिया और उसकी जांच शुरू की तो उसमें से चैटिंग के कई महत्वपूर्ण सबूत मिले। जिसमें कब्रिस्तान, नमाज पढ़ने और मुस्लिम रीति रिवाज से जुड़े फोटो और वीडियो भी शामिल थे। साथ ही दोनों के बीच मुस्लिम शब्दों की चैटिंग भी पुलिस को बरामद हुई है। जिसे पुलिस ने इस केस के साक्ष्य के रूप में संकलित किया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि शुरू में महिला और एचआर मैनेजर आरोपी के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था, जो बाद में धर्मांतरण की ओर बढ़ गया था।

### आरोपी और पीड़िता दोनों ही हैं अधेड़

करंट क्राइम : पुलिस से जानकारी मिली है कि धर्म परिवर्तन के इस मामले में पकड़ा गया आरोपी फैसल खान भी 44 वर्ष से अधिक की उम्र का है। तो वहीं इस मामले की पीड़िता की उम्र भी 45 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। दोनों का परिवार है और दोनों शादीशुदा हैं। पीड़िता के पति ने भी इस मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं।

### महिला घर में छुपकर करती थी आरोपी से फोन पर बात

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला शास्त्री नगर चौकीक्षेत्र अंतर्गत आने वाले महेंद्रा एंक्लेव में रहती है। वह एक स्कूल की टीचर है जबकि आरोपी स्कूल में पूर्व एचआर मैनेजर रहा है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर में चोरी से छुप-छुप कर फैसल खान से बात करती थी। व्हाट्सएप चैट में काफी मात्रा में अरबी भाषा में हिंदी रूपांतरण के कई डॉक्यूमेंट मिले हैं। महिला अक्सर गूगल पर अरबी भाषा संबंधित चीज सर्च करती थी। नमाज पढ़ने के बारे में चीज और सर्च बॉक्स से काफी दस्तावेज मिले हैं। पुलिस के मुताबिक पति से महिला टीचर का मनमुटाव रहता था। इसी वजह से उसकी फैसल खान से नजदीकियां बढ़ गई थी।

## संपादकीय

# फिजूल का विवाद

राजनीतिक अस्थिरता से उबरने की कोशिश करते बांग्लादेश में अचानक आई बाढ़ की समस्या ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भारत के साथ एक अप्रत्याशित और अनावश्यक कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया। बाढ़ का दोष भारत पर मढ़े जाने से यह स्थिति बनी थी, लेकिन अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने धैर्य और समझदारी का परिचय देते हुए मामले को बेकाबू होने से रोक लिया।

बांग्लादेश के लिए यह उथलपुथल का समय है। इसी महीने की 5 तारीख को आरक्षणविरोधी आंदोलन के बेकाबू होने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ देना पड़ा। ऐसी अनिश्चितता की स्थिति में अफवाहों और फेक नैरेटिव का जोर हो जाना कोई हैरत की बात नहीं है। यही हुआ जब भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में बांग्लादेश के आठ जिले डूब गए। सोशल मीडिया पर यह अफवाह चल गई कि बाढ़ भारत के पानी छोड़ने की वजह से आई है।

मामला गंभीर तब हुआ जब मौजूदा अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यह बाढ़ भारत द्वारा त्रिपुरा में गुमटी नदी का डंबूर डैम बिना पूर्वसूचना के खोल दिए जाने की वजह से आई है। चूंकि यह बयान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से मीटिंग के बाद दिया गया था, इसलिए इसे हलके में नहीं लिया जा सकता था।

भारत ने भी इसे गंभीरता से लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान में इतना ही कहा कि यह आरोप तथ्य के अनुरूप नहीं है। तथ्य यह है कि सीमा के दोनों तरफ 21 अगस्त से ही भारी बारिश हो रही थी। इस वजह से बाढ़ आई और बाढ़ ने दोनों तरफ नुकसान पहुंचाया। त्रिपुरा में भी बाढ़ से 22 लोगों की मौत और 65 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने की खबर है। भारत ने इसे साझा समस्या बताया।

इसके साथ ही अनौपचारिक तौर पर यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रखी गई कि ऐसा गैरजिम्मेदार रवैया रिश्ते सुधारने में कोई मदद नहीं करेगा। यह भी कि ऐसे गलत नैरेटिव को आधिकारिक समर्थन तो कतई नहीं दिया जाना चाहिए। दोनों स्तरों पर किए गए इन प्रयासों का ही परिणाम था कि गुरुवार को ढाका में भारत के उच्चायुक्त से मुलाकात के दौरान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मह यूनुस ने बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नया मैकेनिज्म डिवेलप करने का प्रस्ताव रखा जिससे पूरे मामले को अलग मोड़ मिल गया। अभी भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे कुछ मसले हैं, जिन पर दोनों देशों की अलग समझ है, लेकिन इस प्रकरण ने साबित किया है कि दोनों पक्ष बातचीत से असहमति और गलतफहमी दूर करते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

# रूस से कच्चा तेल खरीदने के मामले में चीन से भी आगे निकला भारत



**नई दिल्ली।** भारत रूस से कच्चा तेल आयात करने के मामले में जुलाई महीने में चीन से भी आगे निकल गया। आरटी डॉट कॉम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। नई दिल्ली मास्को की ओर से दी गई छूट के कारण कच्चे तेल की खरीद बढ़ा रही है क्योंकि रूस पर यूक्रेन से संबंधित प्रतिबंधों के कारण पश्चिमी देशों को खुले तौर पर ऊर्जा निर्यात नहीं कर पा रहा है। व्यापार और उद्योग स्रोतों से जुटाए गए भारतीय शिपमेंट के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई महीने में भारत के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल का 44% हिस्सा रहा। भारत प्रति दिन 2.07 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जो जून की तुलना में 4.2% अधिक है और एक साल पहले की तुलना में 12% अधिक है। जुलाई में पाइपलाइनों और शिपमेंट के माध्यम से रूस ने चीन को कुल 1.76 मिलियन बीपीडी कच्चे तेल का निर्यात किया। चीनी सीमा शुल्क के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि चीनी रिफाइनरों द्वारा खरीद में यह गिरावट ईंधन के उत्पादन से कम लाभ मार्जिन के कारण दर्ज की गई है। पश्चिमी देशों की ओर से मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन में संघर्ष के जवाब में अपने ऊर्जा आयात में कटौती करने के बाद भारतीय रिफाइनर फरवरी 2022 से रियायती रूसी तेल की खरीद बढ़ा रहे हैं। एक भारतीय रिफाइनिंग सूत्र ने रॉयटर्स को बताया, रूसी तेल के लिए भारत की जरूरत तब तक बढ़ने वाली है जब तक कि प्रतिबंधों को और कड़ा नहीं किया जाता है। भारत की बढ़ती खरीद रूसी ईएसपीओ (पूर्वी साइबेरिया-प्रशांत महासागर तेल पाइपलाइन) के प्रवाह को बदल रही है। पारंपरिक चीनी खरीदारों के साथ रूस अब दक्षिण एशिया के कच्चे तेल के बाजार पर भी फोकस कर रहा है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, भारत में ईएसपीओ आयात जुलाई में 188,000 बीपीडी तक पहुंच गया क्योंकि बड़े सुएजमैक्स जहाजों का उपयोग किया गया था। इराक पिछले महीने भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहा, इसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा। आंकड़ों से पता चला है कि मध्य पूर्व से भारत की कच्चे तेल की खरीद जुलाई में 4% बढ़ी, जिससे जून में भारत की कुल तेल खरीदारी में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 38% से बढ़कर 40% हो गई।

# इस साल दोगुना हो सकता है चांदी आयात, औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी से 7000 टन तक आयात का है अनुमान



**बंगलूरू।** सौर पैनल व इलेक्ट्रॉनिक्स निमार्ताओं की बढ़ती मांग के कारण कैलेंडर वर्ष 2024 में देश का चांदी आयात बढ़कर दोगुना हो सकता है। एक बड़े आयातक आम्रपाली समूह के सीईओ चिराग ठक्कर ने शुक्रवार को कहा, औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी के कारण इस वर्ष चांदी का आयात 6,500 से 7,000 टन तक पहुंच सकता है। 2023 के दौरान कुल 3,625 टन चांदी का आयात किया गया था।

इंडिया गोल्ड कान्फ्रेंस से अलग बातचीत में ठक्कर ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े चांदी उपभोक्ता भारत के अधिक आयात से वैश्विक कीमतों को समर्थन मिल सकता है। वैश्विक स्तर पर इस चांदी की कीमतें अपने एक दशक के उच्चतम स्तर के करीब हैं। उन्होंने कहा, आभूषणों की पारंपरिक मांग बनी हुई है। 2024-25 के बजट में सीमा शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने के बाद चांदी का मूल्य काफी किफायती हो गया है। उधर, वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 की पहली छमाही में चांदी का आयात बढ़कर 4,554 टन के स्तर पर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में आयात 560 टन रहा था।

### निवेश के लिए भी चांदी की भारी मांग

ठक्कर ने कहा, सोने के मुकाबले ज्यादा रिटर्न की उम्मीद में भी निवेश के लिए लोगों में चांदी की भारी मांग देखने को मिल रही है। चालू कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही के दौरान निवेश मांग अभूतपूर्व रही है।

# 2025 तक गांवों में होंगे 50 करोड़ इंटरनेट यूजर्स

## शहरों में 39 करोड़ ग्राहक का अनुमान

**देश में स्मार्टफोन ग्राहकों की संख्या 2025 तक 100 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है**



**नई दिल्ली।** ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ने से देश में डिजिटल साक्षरता तेजी से बढ़ रही है। 2025 तक गांवों में इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 50.4 करोड़ पहुंचने की उम्मीद है। शहरों में यह 39 करोड़ तक पहुंच सकती है। देश में स्मार्टफोन ग्राहकों की संख्या 2025 तक 100 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। इससे डिजिटल उद्योग में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत में सभी नए इंटरनेट यूजर्स में से करीब 56 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों का योगदान होगा। यह डिजिटल परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व होगा, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र नए इंटरनेट यूजर्स का प्रमुख स्रोत बन गए हैं। 2025 तक नए इंटरनेट यूजर्स में 65 फीसदी महिलाओं के होने की उम्मीद है। यह डिजिटल जुड़ाव में लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, गांवों में नए इंटरनेट यूजर्स में 2025 तक 26 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। शहरों इलाकों में 10 फीसदी की मामूली वृद्धि हो सकती है।

### 80 करोड़ से ज्यादा हैं इंटरनेट यूजर्स

देश में 80 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। शहरों के मुकाबले गांवों में इनकी संख्या ज्यादा है। यह विकास देश के डिजिटल तंत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। 65 फीसदी इंटरनेट यूजर्स अब एप, वेबसाइट, सोशल मीडिया पोस्ट, मैसेज फॉरवर्ड और यूट्यूब सहित विभिन्न डिजिटल मंचों के जरिये समाचार प्राप्त कर रहे हैं।

# नियमों में लापरवाही के बाद रद्द हुआ रजिस्ट्रेशन, आरबीआई का इस कंपनी पर बड़ा एक्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपी के मार्गदर्शक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। यह रजिस्ट्रेशन नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) और लेंडर्स को री-पेमेंट में चूक के कारण रद्द किया गया है। आरबीआई ने रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट रद्द करते हुए कहा कि 31 मार्च, 2021 तक कंपनी एनबीएफसी-एमएफआई के लिए निर्धारित न्यूनतम नियामकीय शुद्ध स्वामित्व निधि 5 करोड़ रुपये और न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15 प्रतिशत पर बनाए रखने में विफल रही। आपको बता दें कि 31 मार्च 2021 तक मार्गदर्शक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड कैश फ्लो के इश्यू का सामना कर रही थी और अपने लेंडर्स को 49.27 करोड़ रुपये के री-पेमेंट में चूक कर रही थी।

### कारोबार चालू रख पाना मुश्किल

केंद्रीय रिजर्व बैंक के मुताबिक ऑडिटर ने पाया कि घाटे (187 करोड़ रुपये) और हाई नेट एनपीए (82.37 करोड़ रुपये) के कारण अनिश्चितता है, जो कंपनी के कारोबार चालू रखने की क्षमता पर संदेह पैदा करता है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के बही-खाते को अंतिम रूप देने में देरी हुई। इसे लगभग सात महीने बाद 22 अक्टूबर, 2021 को अंतिम रूप दिया गया।

### इन 2 कंपनियों पर आरबीआई का एक्शन

इस बीच, रिजर्व बैंक ने 'पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म' के कुछ प्रावधानों और डिजिटल ऋण पर दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने के लिए एनडीएक्स पी2पी प्राइवेट लिमिटेड और इनोफिन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पर जुमार्ना लगाया है। इनोफिन पर 1.99 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। एनडीएक्स पी2पी प्राइवेट लिमिटेड पर 1.92 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगा है।

### आरबीआई की कार्रवाई

बता दें कि आरबीआई नियमों को लेकर बहुत सख्ती दिखाता है। इसी कड़ी में आरबीआई ने हाल ही में सीएसबी बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस सहित पांच इकाइयों पर जुमार्ना लगाया। यह जुमार्ना अलग-अलग नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन के चलते लगाया गया है।

## राशिफल

**मेष :** दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष :** आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन :** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा। राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान–सम्मान मिलेगा।

**कर्क :** मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है। जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, फायदेमंद होगा।

**सिंह :** नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**कन्या :** आज कामकाज के मामले में स्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**तुला :** यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा।

**वृश्चिक :** आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु :** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। कई अवसर प्राप्त होंगे और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**मकर :** अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए। भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ :** माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं। भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन :** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है।

## चुटकुले

एक आदमी भागता हुआ पुलिस के पास पहुंचा, और बोला –
मेरे दोस्त के साथ बहुत बड़ा हादसा हो गया।
पुलिस – क्या हुआ तुम्हारे दोस्त के साथ?
आदमी – वो मेरी बीवी के साथ भाग गया।

---

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा –
बताओ, कांटों भरे
रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, मां–बाप,
प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
पप्पू खड़े होकर बोला – सर चप्पल!
फिर मास्टर जी ने चप्पल से की पप्पू की पिटाई।

---

संता बंता रात को सड़क पर घूम रहे थे।
संता – बहुत गर्मी है यार...
बंता – हां, दिन होता तो कहीं
छांव में बैठ जाते।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8–औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25–50 पौंड दूध रख सकता है।
- नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं सभी बीमारियों और धब्बे को दूर कर सकें!

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# टी-20 इतिहास में पहली बार 3 सुपर ओवर: महाराजा ट्रॉफी में बेंगलुरु-हुबली मैच टाई, 2 सुपर ओवर में भी स्कोर बराबर, तीसरे से हुआ फैसला

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के महाराजा ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के लीग मैच में 1 नहीं, 2 नहीं, बल्कि 3-3 सुपर-ओवर फेंकने पड़ गए। आखिरी सुपर ओवर में भी आखिरी बॉल पर लगे चौके से मैच का फैसला हुआ। यह रोमांचक मुकाबला शुक्रवार, 23 अगस्त को हुबली टाइगर्स और बेंगलुरु ब्लास्टर्स के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। इसे तीसरे ओवर में हुबली ने जीता।

टी-20 क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। इससे पहले कई मुकाबलों में 2-2 सुपर ओवर हो चुके थे। इसी साल जनवरी में भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में ही 2 सुपर ओवर के बाद भारत को जीत मिली थी।

महाराजा कप में लीग स्टेज के 17वें मुकाबले में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। हुबली से मोहम्मद ताहा ने 31, कप्तान मनीष पांडे ने 33, अनीश्वर गौतम ने 30 और मानवंत कुमार ने 27 रन बनाकर स्कोर 164 तक पहुंचा दिया।





### आखिरी 5 बॉल पर 2 रन नहीं बना सकी बेंगलुरु

165 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बेंगलुरु से कप्तान मयंक अग्रवाल ने 54 रन बनाए। सूरज आहूजा ने 26 और नवीन एमजी ने 19 रन बनाकर मुकाबला आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में 6 रन चाहिए थे, टीम से नवीन ने पहली ही बॉल पर चौका लगा दिया। आखिरी 5 बॉल पर टीम को 2 ही रन की जरूरत थी। यहां हुबली के एलआर कुमार ने नवीन को कैच आउट करा दिया। कुमार ने अगली 2 गेंदें डॉट करा दीं। पांचवीं बॉल पर एक रन बना, आखिरी बॉल पर एक रन चाहिए। कुमार ने बॉल फेंकी, हुबली के बैटर्स पास खड़े फील्डर के हाथ में बॉल मारकर रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन रन पूरा नहीं कर सके। इस तरह दोनों टीमें 164-164 रन ही बना सकी और मुकाबला टाई हो गया।

बेंगलुरु ब्लास्टर्स पहले बैटिंग करने उतरी, टीम से मयंक अग्रवाल और अनिरुद्ध जोशी बैटिंग करने आए। हुबली से एलआर कुमार ने ओवर फेंका, उन्होंने पहली ही बॉल पर मयंक को पवेलियन भेज दिया। फिर 5 बॉल पर उन्होंने 4 ही रन दिए, लेकिन आखिरी बॉल पर अनिरुद्ध ने सिक्स लगाकर स्कोर 10 रन तक पहुंचा दिया। हुबली से मानवंत कुमार और मनीष पांडे बैटिंग करने आए। बेंगलुरु से लविश कौशल ने ओवर फेंका। 3 बॉल पर 3 ही रन बने, लेकिन चौथी बॉल पर पांडे ने सिक्स लगा दिया। 2 गेंद पर 2 रन चाहिए थे, लेकिन हुबली के बैटर्स एक ही रन बना सके। पहला सुपर ओवर 10-10 रन के स्कोर पर टाई हुआ और दोनों टीमों को दूसरा सुपर ओवर खेलना पड़ा।

दूसरे सुपर ओवर में हुबली ने पहले बैटिंग की, टीम से पांडे और मानवंत ही उतरे। 2 सिंगल और 3 डबल के सहारे टीम ने 8 रन बना लिए। बेंगलुरु से नवीन एमजी ने ओवर में एक भी बाउंड्री नहीं लगने दी।

बेंगलुरु से एलआर चेतन और अनिरुद्ध जोशी उतरे। हुबली से विद्वत कावेरप्पा ने ओवर फेंका और पहली गेंद पर चौका लग गया। दूसरी गेंद डॉट रही, जबकि तीसरी गेंद पर 2 रन लेने की कोशिश में चेतन आउट हो गए। आखिरी 3 गेंद पर 4 रन चाहिए थे, लेकिन बेंगलुरु 3 रन ही बना सकी। दोनों टीमें इस बार 8-8 रन ही बना पाईं और मुकाबला तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा।

ग्रुप स्टेज में पांचवां मैच जीतकर हुबली टाइगर्स ने पॉइंट्स टेबल के टॉप पर जगह बना ली। 6 टीमों के टूर्नामेंट में हुबली के 5 जीत और 1 हार से 10 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर मैसुरु वॉरियर्स हैं, उनके 8 पॉइंट्स हैं। दूसरी हार से बेंगलुरु ब्लास्टर्स के भी 8 ही पॉइंट्स हैं, लेकिन खराब रन रेट के कारण टीम तीसरे नंबर पर है।

### बेंगलुरु ने तीसरे सुपर ओवर में बना दिए 12 रन

बेंगलुरु से इस बार फिर अनिरुद्ध जोशी बैटिंग करने आए, उनका साथ सूरज आहूजा ने दिया। अनिरुद्ध मानवंत कुमार की पहली ही बॉल पर कैच हो गए। मानवंत ने 5 गेंद पर 6 ही रन बनने दिए थे, लेकिन आखिरी बॉल पर सिक्स लगा दिया, जिस कारण ओवर में कुल 12 रन बन गए।

हुबली को 13 रन चाहिए थे, टीम से मानवंत कुमार और मनीष पांडे बैटिंग करने आए। पहली बॉल पर 2, दूसरी बॉल पर 4 और तीसरी बॉल पर 1 रन बना। चौथी बॉल डॉट रही और अगली वाइड हो गई। अब 2 बॉल पर 5 रन चाहिए, यहां पांडे ने एक रन लिया। आखिरी बॉल पर 4 रन चाहिए थे। बेंगलुरु से क्रांति कुमार ने लेग स्टंप पर फुल टॉस फेंकी। मानवंत ने स्क्वेयर लेग की ओर फ्लिक किया, फाइन लेग और स्क्वेयर लेग का फील्डर 30-यार्ड सर्कल में लगा था। इसलिए बॉल सीधे 4 रन के लिए बाउंड्री के बाहर चली गई और हुबली टाइगर्स ने रोमांचक मुकाबला तीसरे सुपर ओवर में किसी तरह जीत ही लिया।

# सबसे महंगी बिकी विराट कोहली की जर्सी, जानें केएल राहुल की चैरिटी नीलामी की लिस्ट



नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार केएल राहुल ने अपनी पत्नी अथिया के साथ मिलकर पिछले दिनों क्रिकेट फॉर चैरिटी नीलामी की मेजबानी की। जिसका उद्देश्य वंचति बच्चों को समर्थन करना था। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित इस नीलामी में विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कई बड़े नामों ने इस नेक काम के लिए अपनी बेशकीमती यादगार चीजें दान कीं। इनमें सबसे महंगी चीज विराट कोहली की जर्सी रही। इस नीलामी में सबसे ज्यादा बोली विराट कोहली की जर्सी पर लगी। जो रोहित शर्मा और एमएस धोनी के बैट से भी महंगी बिकी। विराट की जर्सी को 40 लाख रुपये में खरीदा गया। वहीं नीलामी में कुल 1.93 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई। विराट कोहली का योगदान सिर्फ उनकी जर्सी तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उनके दस्ताने भी काफी आकर्षक रहे, जिन्हें 28 लाख में बेचा गया। रोहति शर्मा का बल्ला भी एक और शानदार चीज थी, जिसे 24 लाख में बेचा गया।

भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने नीलामी में अपना बल्ला बेचकर इतिहास रच दिया। जिसे 13 लाख रुपये में बेचा गया। इस योगदान के साथ-साथ राहुल द्रविड़ का बल्ला भी 11 लाख रुपये में बिका। जिसने क्रिकेट के दिग्गजों के अपने समर्थकों के साथ गहरे जुड़ाव को दशार्या। केएल राहुल की जर्सी भी 11 लाख रुपये में बिकी।

# मोहाली में मुझे रिप्लेस किया... शिखर धवन के संन्यास पर वीरेंद्र सहवाग ने 11 साल पुराना किस्सा याद किया

**मुंबई।** शनिवार की सुबह टीम इंडिया के गब्बर यानी शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर हर किसी को चौंका दिया। वह लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2022 में खेला था। धवन ने जैसे ही रिटायरमेंट का ऐलान किया फैंस और क्रिकेटर्स के रिएक्शन आने शुरू हो गए। इस कड़ी में पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी पोस्ट किया उन्होंने 11 साल पुराना दर्द साझा किया।

इस दौरान वीरेंद्र सहवाग ने पर शिखर धवन का वीडियो रिपोस्ट करते हुए लिखा कि, बधाई हो शिक्की। जबसे तुमने मोहाली में मुझे रिप्लेस किया, फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। तुमने पिछले कुछ सालों में



बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तुम हमेशा मौज-मस्ती करते रहो और जिंदगी का भरपूर लुत्फ उठाओ। हमेशा ढेरों शुभकामनाएं।


बता दें कि, सहवाग ने हैदराबाद टेस्ट में सिंगल डिटिल स्कोर बनाया था। वह अपनी पिछली नौ पारियों में 50 रन का आंकड़ा पार करने में विफल रहे थे। उनका आखिरी टेस्ट शतक साढ़े तीन महीने पहले अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ आया था। ऐसे में जब धवन को मोहाली टेस्ट में मौका मिला तो उन्होंने गर्दा उड़ा दिया। धवन ने मोहाली में 174 गेंदों में 33 चौकों और दो छक्कों की मदद से 187 रन की ऐतिहासिक पारी खेली, जो किसी भी भारतीय का डेब्यू टेस्ट में हाईएस्ट स्कोर है।

# नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 335 करोड़ रुपए पहुंची

## क्रिकेटर हार्दिक को पीछे छोड़ा; कोहली की ब्रांड वैल्यू में 29 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलिंपिक के जेवलिन थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 335 करोड़ रुपए हो गई है। उन्होंने भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को पीछे छोड़ दिया है। पंड्या की ब्रांड वैल्यू 318 करोड़ रुपए है।

नीरज के ब्रांड वैल्यू के साथ ही सालाना एंडोर्समेंट फीस में भी बढ़ोतरी हुई है। नीरज के अलावा पेरिस ओलिंपिक में दो ब्रॉन्ज जीतने वाली मनु और कुश्ती में 50 किलो के वेट कैटेगरी में फाइनल तक पहुंचने वाली विनेश की भी एंडोर्समेंट फीस बढ़ी है। वहीं विराट कोहली की ब्रांड वैल्यू में 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वह भारत के सबसे मूल्यवान सेलेब्रिटी बन गए हैं। उन्होंने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और रणवीर सिंह को पीछे छोड़ दिया है। ओलिंपिक से पहले नीरज की ब्रांड वैल्यू भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के समान थी, लेकिन अब वह उनसे आगे निकल गए हैं।



### नीरज चोपड़ा की वैल्यूएशन 248 करोड़ रुपए से बढ़कर 335 करोड़ रुपए

इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 29.6 मिलियन अमरीकी डॉलर (248 करोड़ रुपए) से बढ़कर 40 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 335 करोड़ रुपए) से अधिक हो गई है। ओलिंपिक से पहले नीरज की ब्रांड वैल्यू भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के समान थी, लेकिन अब वह उनसे आगे निकल गए हैं। हार्दिक पंड्या की ब्रांड वैल्यू लगभग 38 मिलियन अमरीकी डॉलर (318 करोड़ रुपए) है। हार्दिक भारतीय क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू में पांचवें स्थान पर हैं।

# नीरज चोपड़ा ने सिर्फ 14 दिन बाद ही तोड़ दिया ओलंपिक का रिकॉर्ड, किया सीजन का बेस्ट थ्रो!

**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर कमाल कर दिया। उन्होंने सिर्फ 14 दिनों के बाद ही पेरिस ओलंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर का थ्रो किया था। अब लुसाने डायमंड लीग में उन्होंने 89.49 मीटर दूर भाला फेंककर अपना यह रिकॉर्ड धराशाई कर दिया। लुसाने डायमंड लीग में नीरज ने अपना सीजन का बेस्ट थ्रो किया। हालांकि अपने बेस्ट थ्रो के साथ नीरज लीग में दूसरे नंबर पर रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स पहले नंबर पर रहे, जिन्होंने 90.61 मीटर दूर भाला फेंका। एंडरसन पीटर्स पेरिस ओलंपिक में तीसरे पायदान पर रहे थे और उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था, जबकि नीरज ने दूसरे पायदान पर रहकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।

# पैरालंपिक में हिस्सा लेने के लिए पेरिस रवाना हुआ भारतीय निशानेबाजी दल, नरवाल को बेहतर करने की आस

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी दल पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेने के लिए पेरिस रवाना हो गए हैं। राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पधाओं में चुनौती पेश करेंगे। नरवाल ने आगामी पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के टोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताते हुए शनिवार को कहा कि कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है।

भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। टोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को पार करना और अधिक पदक घर लाना है।

नरवाल पेरिस खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नरवाल, अवनी और मोना



के अलावा टीम के अन्य सदस्य अमीर अहमद भट, रुद्रांश खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस, स्वरुप उनहालकर, सिद्धार्थ बाबू, श्रीहर्ष देवराड़ी और निहाल सिंह है। इन खेलों में भारत को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद अवनी से होगी। जो पिछले खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। जयपुर की इस निशानेबाज ने टोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) में स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। भारतीय पैरालंपिक समिति को इन खेलों से 25 से अधिक पदक की उम्मीद है। भारत के समग्र प्रदर्शन में निशानेबाजी का बड़ा योगदान होगा।

# जय शाह ने खेला यह मास्टरस्ट्रोक, अब कौन रोकेगा आईसीसी का चेयरमैन बनने से

**नई दिल्ली।** अगले ही कुछ दिनों में यह सामने आ जाएगा कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का अगला चेयरमैन कौन बनने जा रहा है, लेकिन उससे पहले ही वर्तमान में बीसीसीआई के सचिव जय शाह के अगला चेयरमैन बनने की बहुत ही जोर-शोर से चल रही हैं। पिछले छह साल से न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले आईसीसी के चेयरमैन हैं, लेकिन यह उनका आखिरी कार्यकाल है। नए चेयरमैन के लिए इसी महीने की 27 तारीख आवेदन की आखिरी तारीख है। और अब अगले चेयरमैन बनने की चर्चा के बीच जय शाह ने ऐसा मास्टरस्ट्रोक खेला है, जिसने उनकी दावेदारी को और भी ज्यादा मजबूत बना दिया है। सिडनी हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार दरअसल दुनिया भर की टी20 लीगों के आयोजन के बीच आईसीसी का इरादा अब टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाने का है, तो पैतृक संस्था यह भी चाहती है कि बिग थ्री (भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड) के अलावा टेस्ट खेलने वाले बाकी देशों के खिलाड़ियों को भी अच्छी खासी रकम मिले।

# मुकाबले से पहले सरबजोत को मनु के साथ ट्रेनिंग का नहीं मिला था मौका, निशानेबाज ने खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में सरबजोत सिंह के साथ 0 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया को हराकर कांस्य पदक जीता था। अब सरबजोत ने इस मुकाबले पर बात करते हुए बताया कि उन्हें मनु के साथ ट्रेनिंग का मौका नहीं मिला था।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय जोड़ी ने कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से हराया था। इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था। सरबजोत ने कहा- मेरी ट्रेनिंग नौ बजे होनी थी और उसकी 12 बजे। दोनों की ट्रेनिंग अलग अलग। मिश्रित ट्रेनिंग सत्र 30 मिनट तक रहा जिसके पहले वह अलग से ट्रेनिंग करती थीं और मैं अलग से। इस दौरान सरबजोत ने बताया कि दोनों के बीच बातचीत ज्यादा नहीं हुई। उन्होंने कहा - हमारी बातचीत



आमतौर पर संक्षिप्त रही जिसमें बातें अपना शत प्रतिशत देना है बस यहीं तक सीमित रहती। कभी कभी मैं उसका मजाक उड़ाता था तो कभी कभी वह मेरा मजाक उड़ाती थी।

सरबजोत ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह तुर्किये के निशोबाज यूसुफ डिकेच के मुरीद हैं। उन्होंने कहा - मैं 2011 से उनके (यूसुफ के) वीडियो देख रहा हूं। वह हमेशा से ऐसे ही रहे हैं। अब वह 51 साल के हैं। मैंने कोशिश की। फिर भी मैं उनके परफेक्शन से मेल नहीं खा सका। अगर मुझे मौका मिलता तो मैं उनसे पूछता कि वह क्या खाते हैं?

सरबजोत ने बताया कि उनकी पिस्टल पर एससिंह30 लिखा हुआ है, जिसमें उनके नाम के पहले अक्षर और उनकी यात्रा की एक महत्वपूर्ण तारीख शामिल है। उन्होंने कहा- मैंने इसे कोई नाम नहीं दिया। जब मैंने हांग्झोउ में 2022 एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया तो मैंने अपनी पिस्टल पर यह लिखवाया। यह मेरी सबसे अच्छी पिस्टल है क्योंकि मेरा पदक (स्वर्ण) 30 सितंबर को आया था और यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

# मोहन बागान डूरंड कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में: पंजाब को सडन डेथ में हराया; बेंगलुरु ने केरल ब्लास्टर्स को 1-0 से मात दी

**जमशेदपुर।** डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इधर, बेंगलुरु एफसी ने केरल ब्लास्टर्स को 1-0 से हराते हुए टॉप-4 में जगह बनाई। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में शिलांग लाजोंग और नार्थईस्ट यूनाइटेड ने भी जीत हासिल की। जमशेदपुर में शुक्रवार को मोहन बागान ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में पंजाब एफसी को सडन डेथ (टाईब्रेकर) में 6-5 से हराया। इससे पहले मुकाबला तय समय के बाद 3-3 से बराबरी पर रहा। इधर, कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में एक अन्य क्वार्टर फाइनल के आखिरी पलों में पेरेरिया डियाज के गोल के दम पर बेंगलुरु ने केरल ब्लास्टर्स को हराया।

टाई ब्रेकर में कमिंस बागान के पहले मौके को भुनाने में चुक गए, लेकिन पंजाब के क्रोएशियाई डिफेंडर



नोवोसेलेच के प्रयास को बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने विफल कर दिया। सडन डेथ में मेलरॉय असिसि ने पंजाब के लिए दागा, जबकि सुभाशीष बोस और एल्ड्रेड ने बागान के लिए गोल किए। विशाल ने डेनेचंद्रम मीतेई के प्रयास पर शानदार बचाव कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। टाई ब्रेकर में बागान के लिए मनवीर, लिस्टन कोलाको और डिमी पेट्राटोस ने गोल किए जबकि विनित राय, विडाल, बाकेन्गा और मृजलजैक ने पंजाब एफसी के लिए गोल किए।



### पेरेरिया डियाज के गोल से जीता बेंगलुरु

दिन का दूसरा मुकाबला भी काफी रोमांचक रहा जहां बेंगलुरु को बढ़त लेने के लिए इंजुरी टाइम (90+चार मिनट) का इंतजार करना पड़ा। मैच में बेंगलुरु की टीम शुरू से दबदबा बना रही थी, लेकिन केरल की रक्षापंक्ति उसके हर प्रयास को विफल कर दे रही थी।

भारत के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री के 67 मिनट में मैदान पर उतरने के बाद बेंगलुरु का दबदबा बन गया, लेकिन टीम के गोल के लिए संघर्ष करती रही। मैच के आखिरी पलों में पेरेरिया डियाज ने गोल करके बेंगलुरु को बढ़त दिला दी। यह निर्णायक गोल साबित हुआ।

### हाफ टाइम तक 1-0 की बढ़त पर था पंजाब

पंजाब के लुका माजसेन ने मैच के 17वें मिनट में स्पॉट-किक के सहारे गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच के पहले हाफ में यही इकलौता गोल हुआ। फिर सुहैल भट (44वें) और मनवीर सिंह (48वें) ने दूसरे हाफ की शुरूआत में मोहन बागान को बढ़त दिला दी। उसके बाद फिलिप मिर्जलजैक (63वें) और नॉर्बर्टो एजेकिएल विडाल (71वें) के गोल से मैच के 71वें मिनट में पंजाब की टीम ने एक बार फिर 3-2 की बढ़त हासिल की। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी जेसन कमिंग्स ने 79वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। जिसके बाद मैच अतिरिक्त समय में खिंचा जहां दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

# निकोलस पूरन ने 7 छक्के लगाकर मैक्सवेल, बटलर को पीछे छोड़ा, सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले तीसरे प्लेयर बने

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में तूफानी पारी खेलते हुए टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। निकोलस पूरन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में 26 गेंद में 65 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने दो चौके और सात छक्के लगाए। ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में उन्होंने सूर्यकुमार यादव और जोस बटलर को सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। मैच के शुरू होने से पहले टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में निकोलस पूरन सातवें नंबर पर थे। हालांकि इस पारी के बाद उन्होंने ग्लैन मैक्सवेल, सूर्यकुमार यादव और जोस बटलर जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। निकोलस पूरन से आगे सिर्फ मार्टिन गप्टिल (173) और रोहित शर्मा (205) हैं। पूरन की इस पारी की मदद



से वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हराया और तीन मैच की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। साउथ अफ्रीका ने ट्रिस्टन स्टब्स के 76 और पैट्रिक क्रूगर के 44 रनों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 174 रन बनाए। मैथ्यू फोर्ड ने तीन और शेमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दमदार शुरूआती की। एलिक अथानाजे और शाई होप के बीच पहले विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी हुई। एलिक 30 गेंद में 40 रन बनाकर आउट हुए। होप ने 36 गेंद में 51 रन बनाए। इसके बाद पूरन ने 26 गेंद में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग की बैठक सम्पन्न

## नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं में करोड़ों रुपयों के प्रस्ताव स्वीकृत





● कुछ प्रस्तावों में संशोधन, स्टीमेट की जांच एवं प्रतिस्पर्धात्मक दरें जांचने के जिलाधिकारी ने दिए आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग के तहत अवस्थापना विकास निधि, केन्द्रीय वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन द्वारा गठित कमेटी एवं वंदन योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के डी.पी.आर., आगणन, प्रस्तावों के सपठित शासनादेशों, नियमों, दिशा-निर्देशों के अनुसार गठित समिति के सम्यक परीक्षण हेतु जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान नगर निकायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, गली, नाली, चारदीवारी, रंगाई-पुताई, सौन्दर्यकरण, सफाई मशीन, तालाब, पाइप लाइन, टंकी, बिजली, लाइट आदि के सम्बंध में प्रस्ताव दिए गए। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से समिति द्वारा नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों द्वारा प्रस्तुत विकास और निर्माण कार्यों (जैसे-प्राथमिक स्कूलों का जीर्णोद्धार, सड़क और खडंजा निर्माण, मिट्टी भराव, सौन्दर्यीकरण आदि) के व्यय प्रस्तावों में रु. 21,75,95,844 नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में निर्माण और विकास कार्यों की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें नगर पालिका परिषद लोनी रुपए 9,88,37,868/-, नगर पालिका परिषद मोदीनगर रुपए 3,00,00,000/-, नगर पालिका परिषद मुरादनगर रुपए 4,88,06,902/-, नगर पंचायत डासना रुपए 3,25,19,074/-, नगर पंचायत फरीदनगर रुपए 74,32,000/- के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बैठक के दौरान प्राप्त प्रस्तावों में से कुछ प्रस्तावों में संसोधन, स्टीमेट की जांच एवं प्रस्तावों में प्रतिस्पर्धात्मक दरें जांचने का निर्णय लिया गया, जिनके लिए टीम गठित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों में रंजीता धामा नगर पालिका अध्यक्षा लोनी, बागे जहां नगर पंचायत अध्यक्षा डासना एवं प्रशासनिक अधिकारियों में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एएसडीएम चन्द्रेश कुमार, ईओ मोदीनगर नरेन्द्र मोहन मिश्रा, ईओ लोनी/खोड़ा कृष्ण कांत मिश्रा, ईओ मुरादनगर/निवाड़ी शैलेन्द्र कुमार, ईओ पतला/फरीदनगर आंचल, ईओ डासना रोहित, जिला सूचना अधिकारी यागेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जीडीए की बेरुखी के चले इंदिरापुरम का न्यायखण्ड 1 नही रहा रहने लायक: हरीश कडाकोटी

## विकास प्राधिकरण के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे वार्ड 79 की जनता

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम का न्याय खंड एक हर गली में सीवर ओवरफ्लो और नालियों के जाम होने के कारण सड़कों पर लगातार पानी बह रहा है। यहा की जनता को बहुत समस्याएं हो रही है, यहां पर बीमारियों का फैलने का खतरा बना हुआ है, मच्छर बहुत पनप रहे हैं। और सड़कों पर स्कूली बच्चों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय पार्षद हरीश कड़ाकोटी लगातार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के चक्कर लगाते शिकायत करते आए हैं। लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है यहां पर क्या हालत और बदतर होते जा रहे हैं। न्याय खंड एक 1048 वाली लाइन पर शिवर ओवरफ्लो और मजार वाली गली के साथ 700 की लाइन 600 की लाइन और 800 की लाइन 500 की लाइन मंदिर वाली गली सारी जगह पर सीवर ओवरफ्लो होकर सड़कों पर गलियों में बह रहा है।




नालिया सफाई नहीं हुई है, यहां पर जॉन 6 के इंजीनियर पीयूष सिंह किसी का भी फोन नहीं उठा हैं सफाई कर्मचारियों का कहना है, यहां पर बिना मशीन के सफाई नहीं हो सकती है। पार्षद का फोन पीयूष सिंह ने ब्लॉक कर है, और दूसरे नंबर को भी नहीं उठा रहे हैं। इसकी शिकायत जीडीए उपाध्यक्ष व महापौर, सांसद व विधायक कैबिनेट मंत्री को भी पीयूष सिंह की शिकायत की हुई है। न्याय खंड 1 के लोगों में काफी गुस्सा है उनकी परेशानी बहुत बढ़ने लगी है और इंजीनियर यहां पर की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। पार्षद मिलकर जल्द अधिकारियों की नींद तोड़ने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

सभी जगह पुकार लगाकर भी न्याय खंड एक तथा अभय खंड और ज्ञान खंड एक की समस्याएं नहीं सुनी जा रही है यही हालत रहने पर जीडीए के खिलाफ सड़कों पर उतरना ही एकमात्र विकल्प है।

# महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे मनाई शहीद राजगुरु जयंती

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे शालीमार गार्डन शहीद स्थल पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शहीद शिरोमणि प्रमुख क्रांतिकारी राजगुरु की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर श्रदांजलि दी गयी । इस अवसर पर महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 खेरा, पुणे (महाराष्ट्र) में हुआ। वे अपने जीवन के शुरूआती दिनों में क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हो गए थे। उन्होंने अपने दोस्त भगत सिंह के साथ मिलकर लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त अंग्रेज अफसर जेपी सांडर्स को गोली मारी थी और पुणे में गवर्नर



को मारने की कोशिश के बाद गिरफ्तार हो गए थे। इसके बाद अदालत में स्वीकारा था कि उन्होंने लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए सांडर्स को मारा था। 23 मार्च 1931 को लाहौर सेंट्रल जेल में शाम 7 बजे अपने दोस्त भगत सिंह और सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिए गए। इस महान क्रांतिकारी से आज के युवकों को देशभक्ति का सबक लेना चाहिए। इस अवसर पर डीएन कॉल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, केशव सक्सेना, नीरज गुप्ता, गोपाल मित्तल, सोनू शर्मा, प्रेम त्यागी, लेखराज छावड़ा, निशा चौहान, सुमन सती, अनीता राणा, मुनेश कसाना, सीमा सिंह, अंजू, घनशाला, आशा पवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भारत विकास परिषद ने कराई समूहगान प्रतियोगिता

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा एवं संकल्प शाखा इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन जेकेजी इंटरनैशनल स्कूल इन्दिरापुरम में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसमें 9 टीमो के लगभग 90 बच्चौ ने भागीदारी की संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय देशभक्ति के गानों को स्वयं स्वर देकर गाए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि स्कूल चैयरमेन जे के गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डां वागीश दिनकर, राष्ट्रीय समूहगान समिति सदस्य राजीव गोयल , राष्ट्रीय समिति सदस्य गुरू वंदन छात्र अभिनंदन ममता शर्मा, क्षेत्रीय सचिव महिला एवं बाल विकास इंदु वार्ष्णेय,प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जेके इंटरनैशनल स्कूल प्रिंसिपल नीघि गौड,



पार्षद धीरज अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, शाखा अध्यक्षा विनिता वाजपेयी ,सचिव रविंद्र तिवारी ,महिला संयोजिका रिचा वालिया, संकल्प शाखा अध्यक्ष अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष जया श्रीवास्तव, अनिल जैन ,अजेय वालिया, माधवी आदि मोजूद रहे। सभी वक्ताओं ने बच्चों के इस संस्कार कार्यक्रम की सराहना करते हुए परिषद आयोजकों के बच्चों को सुसंस्कृत संस्कार वान एवं संगीत शिक्षा देने के प्रयास की सराहना की इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान जेकेजी इंटरनैशनल स्कूल इन्दिरापुरम को गीत भारत वंदेमातरम द्वितीय स्थान जेकेजी विजय नगर को एक एक पग बढ़ते जाऐ एवं तृतीय स्थान सीके मार्डन स्कूल को कोटि कोटि कंठों ने गया को प्राप्त हुआ। सभी बच्चौ को प्रिंसिपल निधि गोंड द्वारा प्रशंसित पत्र एवं ट्राफी दी गई मंच संचालन शाखा संयोजक अरूण शर्मा ने किया। अनिल भारद्वाज ने सबको घन्यवाद किया , अनिल जैन,जय नारायण वत्स राजकुमार अग्रवाल सहित समाज के विभिन्न समाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

# विद्युत विभाग के उत्पादन व वितरण व्यवस्था पर शिष्टाचार मीटिंग का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति द्वारा विधान भवन लखनऊ में प्रथम शिष्टाचार भेंट मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के समस्त सदस्यों के साथ अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव उर्जा विभाग, अध्यक्ष पावर कारपोरेशन के साथ प्रबन्धक निदेशक-पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल, दक्षिणांचल, केस्को तथा ग्रेटर नोएडा के ऊर्जा विभाग के अधिकारी एवं विजिलेंस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। मीटिंग में विद्युत विभाग के उत्पादन व वितरण व्यवस्था सुचारु करने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर वार्ता की गयी।


## गाली देने का विरोध, दो युवकों का सिर फोड़ा

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक मिनारा मस्जिद कॉलोनी के पास टहल रहे दो युवकों पर दबंगों ने लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की कोट कॉलोनी निवासी काशिफ अपने चचेरे भाई जीशान के साथ देर रात खाना खाने के बाद एक मिनारा मस्जिद कॉलोनी स्थित टाउन स्कूल के पास घूम रहे थे। इसी बीच बाइक पर चार युवक आए और जीशान को गाली देने लगे। जब गाली देने का विरोध किया तो वह आग बबुला हो गए। इसके बाद युवकों ने काशिफ व जीशान पर लोहे की रॉड से हमला कर सिर फाड दिया। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




## किस पिंक बूथ प्रभारी की लगातार आ रही हैं शिकायतें

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में महिला अपराध नियंत्रण और उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए बनाए गए हैं पिंक बूथ आजकल शिकायतों की वजह से ज्यादा चर्चा ही टीआरपी में रहते हैं। बताया जा रहा है सिटी जोन में एक ऐसा थानाक्षेत्र हैं जहां प्रभारी से लेकर पिंक बूथ का हाल बेहाल बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि सिटी जोन अंतर्गत खेत वाले थाने के पिंक बूथ का हाल इन दिनों अलग ही चल रहा है। शनिवार को सिटी के एक थाने के प्रभारी के यहां पुलिस के पूर्व अधिकारी पिंक बूथ केंद्र की शिकायत लेकर पहुंचे हुए थे। उन्होंने पिंक बूथ प्रभारी के रवैये व व्यहार को लेकर ऐसी टिप्पणी की कि दूसरे थाने के प्रभारी हैरान रह गए थे। वैसे पिंक वाले बूथ के लिए इससे पहले भी रेड आरोप लगे हैं। वहीं कई गंभीर आरोप पहले भी लगे थे, अभी तक उस मामले की भी जांच रिपोर्ट और कार्रवाई का इंतजार हो रहा है। वैसे सुनने में आया है कि पिंक बूथ की लगातार शिकायतें आ रही हैं। कभी वर्किंग को लेकर उंगली, तो कभी व्यवहार को लेकर नारालगी सामने आ रही है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पिंक बूथ की मॉनिटरिंग के लिए



खुद बड़े-बड़े अधिकारी और उनके अधीनस्थ मॉनिटरिंग का काम करते हैं लेकिन पिंक बूथ के हालात नहीं बदल पा रहे हैं। उधर कहने वाले तो यहां तक कह रहे हैं कि जिस थाने के प्रभारी का मामला ही डिरेल चल रहा हो, वहां के चौकियों का क्या हाल होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि पूर्व में भी एक संस्था द्वारा पिंक बूथ प्रभारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच करने की शिकायत दी गई थी। तो खुद विभाग वाले ही बताते हैं कि थाने के कई पूर्व कोतवाल तो पिंक बूथ के आसपास जाने से भी घबराते थे। अब ऐसा क्या मामला है कि इस पिंक बूथ की कहानी और केस खत्म नहीं हो रहे हैं। सूत्रों ने तो बताया है कि सिटी वाले पूर्व साहब से बकायदा एक अधिकारी ने तो पिंक बूथ प्रभारी पर कार्रवाई के लिए गुजारिश तक की थी पर कौन का पैमाना चल रहा है जो दोषी हर बार पास हो जाते हैं। यह तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के शीर्ष अधिकारी ही बता सकते हैं लेकिन ऐसा लग रहा है की पोस्टिंग में कहीं ना कहीं ठीक प्रकार से जांच पड़ताल नहीं हुई है। तभी तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के पिंक बूथों में इस प्रकार के फेस और केस सामने आ रहे हैं।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक दिवस समारोह संपन्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को वार्षिक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जर्मन भाषा पढ़ने वाले कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय क्षमता का बखूबी परिचय दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लिंगेल विंडोज और डोर्स टेक्नोलॉजीज के संचालक और फेनस्टरबाउ लिंगेल कंपनी (जर्मनी) के निदेशक डॉ. एच. सी मारियो शिमट तथा बर्लिन में संघीय विदेश कार्यालय में एक अनुभवी राजनयिक शिल्डर मार्को और उनकी पत्नी लुइसा शिल्डर थीं। इस अवसर पर विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हेड सूसन होम्स ने स्मृति



चिह्न देकर आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन किया एवं अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जर्मन भाषा पढ़ने वाले बच्चों का यह तीसरा वर्ष है। कार्यक्रम का आकर्षण अकबर बीरबल के किस्सों पर आधारित 'बुद्धिमान बीरबल' नामक लघु नाटिका थी। 'जर्मन' स्वागत गीत से कार्यक्रम का आरंभ हुआ, तत्पश्चात विद्यार्थियों ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में विद्यालय के निदेशक 'डॉ. अरुणाभ सिंह' ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल एवं ब्रांच किडजी कोव प्री स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल, लोहिया नगर गाजियाबाद एवं न्यू आर्यनगर स्थित ब्रांच किडजी कोव प्री स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की संस्थापक डा० पूनम शिशौदिया ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। प्री नर्सरी के दिग्वी, आयुश, कक्षा नर्सरी की कायरा, एलीशा, आदविक रियांशी, कक्षा एल. के.जी की आध्या, वैष्नवी, जीनीशा ने अपनी माताजी के साथ बहुत सुन्दर नृत्य किया। विद्यालय की संस्थापक डा० पूनम शिशौदिया ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। बच्चों ने दही-हांडी का सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। किडजी कोव प्री स्कूल की प्रधानाचार्या डा० निधि सिंह ने बताया कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते है बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या राजरानी अरोड़ा एवं सभी अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा ने आत्मनिर्भर परियोजना के तहत व्हील चेयर और कैलिपर्स वितरित किए





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा के अध्यक्ष सीए सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में क्लब का कार्यक्रम सफल रहा, जिसमें व्हीलचेयर, अंग और कैलिपर वितरित करके प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस प्रकार के आयोजन जरूरतमंद लोगों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। गतिशीलता चुनौतियों वाले व्यक्तियों के लिए पहुंच और सहायता बढ़ाने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, हम जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग और कैलिपर वितरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं।

शनिवार को क्लब ने रोटेरियन अनुज गर्ग, सहायक गवर्नर और क्लब सभा की उपस्थिति में 4 व्हील चेयर और 5 कैलिपर्स वितरित किए, जिसमें अध्यक्ष रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल, रोटेरियन मुकेश सिंघल, रोटेरियन हिमांशु वर्मा, रोटेरियन सुभाष गुप्ता, रोटेरियन रमन अग्रवाल, रोटेरियन अभिजीत कांत, रोटेरियन हरीश मल्होत्रा, रोटेरियन प्रगति मित्तल, रोटेरियन परतीक गर्ग, रोटेरियन सुमित यादव; रोटेरियन धीरज वर्मा और रोटेरियन दिलीप हरि ने इस परियोजना को सफल बनाया। अध्यक्ष रोटेरियन



सुनील अग्रवाल ने कहा हम एक पारदर्शी और न्यायसंगत वितरण प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध हैं और किसी भी अंतराल या उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने प्रयासों की निरंतर समीक्षा करेंगे। समर्थन और सहयोग महत्वपूर्ण है क्योंकि हम उन लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं जिन्हें इन आवश्यक गतिशीलता सहायता की आवश्यकता है।

# सक्रियता और संगठन समर्पण का मिला है युवा नेता को ईनाम

● लोनी विधानसभा के सदस्यता प्रमुख बने नितिन मावी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण आपके रिपोर्ट कार्ड का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। किसी भी दल के राजनीतिक नेताओं का इतिहास ही सक्रियता और समर्पण का होता है। इन्हीं दो विषयों पर पकड़ हो तो फिर राजनीति का ट्रैक सही रहता है। भाजपा नेता नितिन मावी उन युवा नेताओं में हैं जो विचारधारा के साथ राजनीति करते हैं जो भाजपा की राष्ट्रवादी सोच के साथ खुद को सियासी सिद्धान्तों में ढालते हैं। नितिन मावी भाजपा के सभी कार्यक्रमों में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं और संगठन के सभी आयामो में उनकी भागीदारी रहती है। भाजपा ने इस युवा नेता को उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण का ईनाम दिया है। भाजपा के युवा नेता नितिन जय मावी को लोनी विधानसभा का सदस्यता प्रमुख बनाया गया है। संगठन की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण पद है और इसमें उन्हीं लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है जिन पर पार्टी भरोसा करती है। सदस्यता अभियान भाजपा के सबसे प्रमुख अभियानों में से एक है। युवा नेता नितिन जय मावी को लोनी विधानसभा के सदस्यता प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन मावी के साथ चार कार्यकर्ताओं को सदस्यता सह प्रमुख बनाया गया है। सदस्यता सह प्रमुख में प्रणव त्यागी, एमएन शास्त्री, देवेश दीक्षित और राजदीप तंवर के नाम हैं। नितिन मावी को लोनी का सदस्यता अभियान प्रमुख बनाये जाने के बाद से उनके समर्थकों में जोश का माहौल व्याप्त है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे की दुनियाभर की मीडिया में चर्चा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस गर्मजोशी के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से गले मिले और युद्ध को लेकर अपनी बात रखी, उसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। दुनियाभर के शीर्ष अखबारों ने इस पर खबरें प्रकाशित की हैं। तो आइए जानते हैं कि वैश्विक मीडिया ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे पर क्या-क्या कहा।



**पीएम मोदी गर्मजोशी के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से गले मिले**

**न्यूयॉर्क टाइम्स :** न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत की विदेश नीति को सराहा और लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी युद्धग्रस्त रूस और यूक्रेन, दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक बनाकर चल रहे हैं। वह बीते महीने मॉस्को दौरे पर थे और वहां राष्ट्रपति पुतिन से गले मिल रहे थे। भारत, रूस का अहम व्यापारिक साझेदार है। भारत ने जून में यूक्रेन में शांति समझौते में अपना प्रतिनिधि भेजा था, लेकिन यूक्रेन में शांति के लिए हुए एक अन्य सम्मेलन में भारत शामिल नहीं हुआ था।

**बीबीसी :** यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'युद्ध के हालात में भारत कभी भी तटस्थ नहीं रहा है। पहले दिन से भारत शांति का पक्षधर रहा है।' बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हालांकि रिपोर्ट में इस बात को भी उठाया गया है कि भारत ने कभी भी रूस के यूक्रेन पर हमले की आलोचना नहीं की है। यहां तक कि भारत रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है और रूस के तेल का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है।

**द गार्जियन :** द गार्जियन ने भी प्रधानमंत्री मोदी के यूक्रेन दौरे पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बयान को शीर्षक में लिया गया है, जिसमें जेलेंस्की ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को ऐतिहासिक करार दिया था। जेलेंस्की ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि 'आज इतिहास बना। भारत के प्रधानमंत्री ने देश की स्वतंत्रता के बाद पहली बार यूक्रेन का दौरा किया। भारत ने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया और ये अहम है कि दुनियाभर के देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करें।'

**सीएनएन :** अमेरिका के प्रमुख मीडिया चैनल सीएनएन ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे पर लिखा कि पीएम मोदी का यह दौरा उनके रूस दौरे के कुछ हफ्तों बाद ही हो रहा है। हालांकि भारत द्वारा युद्धविराम की लगातार अपील की जा रही है, लेकिन भारत ने अभी तक

## पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा से यूएस गदगद, कहा-

# यह मुलाकात संघर्ष समाप्त करने में मदद करेगी

**वाशिंगटन।** भारत को अपना मजबूत साझेदार बताते हुए अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर प्रतिक्रिया दी। व्हाइट हाउस ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश में मददगार बनने वाले देशों का अमेरिका स्वागत करता है। पीएम मोदी की कीव यात्रा इस संघर्ष को रोकने में मददगार साबित होगी। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष पर किसी भी बातचीत के लिए कीव को चर्चा की मेज पर रखना होगा।



किर्बी ने कहा, ₹जब बात यूक्रेन संघर्ष पर आती है तो कोई भी अन्य देश जो यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश में मददगार बनने को तैयार है, हम उनका स्वागत करते हैं। मददगार होने से हमारा मतलब यह है कि येक्रेन को लेकर बातचीत शामिल हो।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹हम इसे हर बार कहते हैं। ऐसा लगता है जैसे मैं इसपर बंपर स्टिकर लगा रहा हूं, मेरा यह मतलब नहीं है। यूक्रेन के बारे में यूक्रेन के बिना कुछ भी नहीं।₹

**पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा पर क्या बोले किर्बी ? :** जॉन किर्बी ने पीएम मोदी की यीक्रेन यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत अमेरिका का एक मजबूत साझेदार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी। आप जानते हैं कि वह कीव गए और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की। अगर यह उस संघर्ष को समाप्त करने में मददगार हो सकता है जो राष्ट्रपति जेलेंस्की के न्यायसंगत शांति के दृष्टिकोण के अनुरूप है तो ठीक है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन की अपनी यात्रा समाप्त की। 1992 में यूक्रेन के बनने के बाद पीएम मोदी इस देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की। पीएम मोदी ने जेलेंस्की से कहा कि संघर्ष को खत्म करने का एकमात्र समाधान बातचीत है। उन्होंने कहा, ₹भारत कभी भी तटस्थ नहीं है, हम केवल शांति की तरफ हैं।₹ पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा शांति और प्रगति की राह में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

### अमेरिका ने फिर की यूक्रेन की मदद

रूस-यूक्रेन युद्ध दो साल से अधिक समय से जारी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कीव दौरे के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत की। इस दौरान एक बार फिर अमेरिका ने यूक्रेन की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया। कीव के लिए नई सैन्य सहायता का एलान किया, जिसकी कीमत पेंटागन ने 12.5 करोड़ डॉलर बताई है।
दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस से पहले हुई तथा उसी दिन वाशिंगटन ने देश पर रूस के आक्रमण से जुड़े सैकड़ों व्यक्तियों और कंपनियों के विरुद्ध व्यापक प्रतिबंधों की घोषणा की। बाइडन ने कहा, 'मुझे गर्व है कि हम आज यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा करेंगे।' उन्होंने कहा, 'नई सहायता पैकेज में यूक्रेन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए वायु रक्षा मिसाइलें शामिल हैं।



## केंद्रीय रक्षा मंत्री का चार दिवसीय दौरा

# राजनाथ सिंह ने की अमेरिका के जेक सुलिवन से मुलाकात

**वाशिंगटन।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चार दिवसीय दौरे पर अमेरिका में हैं। उन्होंने यहां शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने बताया कि उन्होंने आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की।

**राजनाथ सिंह ने आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की**

जेक सुलिवन से मिलने के अलावा राजनाथ सिंह ने यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित रक्षा उद्योग सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित भी किया।

### अमेरिकी रक्षा सचिव से भी मिले

शुक्रवार को राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा करने और उन्हें और गहरा करने पर भी सहमति जताई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन जागरूकता, एक क्वाड पहल के संचालन में हुई प्रगति और हिंद महासागर क्षेत्र में भागीदारों के लिए समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत द्वारा चल रहे प्रयासों की भी सराहना की।

बता दें कि अमेरिका पहुंचने के बाद राजनाथ सिंह ने वहां प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने बाताया कि सितंबर 2024 में आगामी क्ठउव्र सिलिकॉन वैली शिखर सम्मेलन में कई प्रमुख पहलों की घोषणा की जाएगी। दोनों मंत्रियों ने भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा आपूर्ति व्यवस्था (एसओएसए) के समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# बाढ़ से जूझ रहा बांग्लादेश, 15 की मौत, 40 लाख लोग प्रभावित









**ढाका।** मानसून की भारी बारिश से बांग्लादेश के डेल्टाई इलाकों और भारत के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है। इस कारण बांग्लादेश में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। जो राजनीतिक परिवर्तन के बाद नवगठित अंतरिम सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, खासकर पूर्वोत्तर, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्से में, इस वजह से कई शहरों और कस्बों के अलावा सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं। इससे बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है और संचार लाइन बाधित हो गई हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के मुताबिक, आपदा प्रबंधन मंत्रालय में सचिव कमर-उल-हसन ने कहा, बांग्लादेश में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और 11 जिलों के 48 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। हसन ने संवाददाताओं को बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेना, नौसेना, तट रक्षक, बॉडर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी), अग्निशमन कर्मी, पुलिस और छात्रों की तरफ से बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

### 12 से ज्यादा क्षेत्रों में भारी बारिश से हाल बेहाल

एक अन्य अखबार के मुताबिक, इन क्षेत्रों में एक 12 से अधिक स्थानों पर 60 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई। कॉक्स बाजार में 151 मिमी और गोपालगंज में 62 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग ने बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मानसून के कारण अगले तीन दिन में देश के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा की आशंका जताई है।

बांग्लादेश में 200 से ज्यादा नदियां बहती हैं, जिनमें से 54 नदियां भारत से होकर गुजरती हैं। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण बाढ़ की मौजूदा स्थिति बनी है। मौसम विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि मूसलाधार बारिश के अलावा, उफनती नदियां, अल नीनो और जलवायु परिवर्तन की घटनाएं देश में व्यापक बाढ़ के लिए जिम्मेदार कारक हैं। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम ढाका स्थित अपने नियंत्रण कक्ष से बाढ़ की स्थिति और राहत गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, स्थिति विचित्र हो गई थी, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद स्थानीय सरकार के प्रतिनिधि या तो उपलब्ध नहीं थे या अपनी राजनीतिक संबद्धता के कारण भाग गए है।

**राजनीतिक परिवर्तन के बाद नवगठित अंतरिम सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनी बाढ़**

### मोहम्मद यूनुस ने की बैठक

वहीं अंतरिम सरकार के प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालने वाले मोहम्मद यूनुस ने बृहस्पतिवार को अपनी सलाहकार परिषद (कैबिनेट के समकक्ष) की बैठक की अध्यक्षता की और सदस्यों से बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़े होने को कहा है।

# पाक के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट 2 बच्चों और एक महिला की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में शनिवार को विस्फोट हुआ। जिसमें एक महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं दो पुलिसकर्मियों सहित 13 लोगों के घायल होने की खबर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।




**पांच लोगों की हालत गंभीर :** डॉन न्यूज ने पिशिन चिकित्सा अधीक्षक की ओर से जारी सूची का हवाला देते हुए बताया कि विस्फोट पिशिन जिले के मुख्य बाजार में सुरखब चौक के करीब हुआ। दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। घायलों को क्वेटा के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां एक महिला की मौत हो गई। इनमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**सुरक्षा बलों पर बढ़े हमले :** रिपोर्ट में कहा गया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में पुलिस अधिकारियों और जांच चौकियों पर हमलों की कड़ी में ताजा हमला है। 2022 में संघर्ष विराम टूटने के बाद प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सुरक्षा बलों पर हमले बढ़े हैं।

**तीन वाहन क्षतिग्रस्त हुए :** पिशिन के थाना प्रभारी मुजीबुर रहमान के मुताबिक, दो घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। रहमान ने कहा, विस्फोटक सामग्री मोटरसाइकिल में रखी गई थी।

इसके चलते तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) और बम निरोधक दस्ता जांच के लिए सबूत एकत्र करने के लिए घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

# बांग्लादेश : ढाका के प्राचीन मंदिर ढाकेश्वरी को बचाने के लिए साथ आए हिंदू-मुस्लिम

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद अराजकता का माहौल था। कट्टरपंथियों द्वारा अल्पसंख्यक हिंदुओं और अन्य समुदायों को निशाना बनाया गया। हिंदू समुदाय ढाका में स्थित प्राचीन ढाकेश्वरी मंदिर की सुरक्षा के लिए भी चिंतित था, लेकिन इस मंदिर की सुरक्षा के लिए हिंदू-मुस्लिम साथ आए। मंदिर के एक पुजारी ने यह जानकारी दी है। ढाका का ढाकेश्वरी मंदिर शक्ति पीठों में से एक है और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के प्रमुख मंदिरों में से एक है।



**हिंदू मुस्लिम समुदाय ने साथ मिलकर की थी मंदिर की सुरक्षा :** पुजारी ने बताया कि जब 5 अगस्त को हिंसा हो रही थी और शेख हसीना इस्तीफा देकर निकल गईं थी तो उस वक्त वह मंदिर परिसर में ही मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उन्हें उस वक्त अपनी चिंता नहीं थी, लेकिन इस प्राचीन मंदिर और यहां के देवी-देवताओं की मूर्तियों की चिंता थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने हमारी मदद की। मुस्लिम, हिंदू और अन्य धर्मों के लोग मंदिर की सुरक्षा के लिए साथ आए ताकि कोई भी मंदिर को नुकसान न पहुंचा सकें। मंदिर में कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी है। मंदिर में लगातार पूजा हो रही है और सामान्य दिनों की तरह मां को भोग भी लगाया जाता है।

**धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात :** बांग्लादेश में जब हिंसा हो रही थी तो डर के मारे कम लोग ही मंदिर आ पाते थे, लेकिन अब जैसे जैसे हालात सामान्य हो रहे हैं तो लोग फिर से वापस मंदिर आ रहे हैं। पुलिस की मौजूदगी भी बढ़ गई है। गौरतलब है कि अंतरिम सरकार के गठन के बाद सरकार के प्रमुख नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने भी ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया था और यहां हिंदू समुदाय के लोगों से मुलाकात की थी।

# दुर्घटना में मारे गए 27 भारतीयों के शवों का हो रहा पोस्टमार्टम, विशेष विमान से लाए जाएंगे भारत

**काठमांडू।** नेपाल बस दुर्घटना में मारे गए 27 भारतीय तीर्थयात्रियों के शवों का नेपाल के बागमती के एक अस्पताल में पोस्टमार्टम चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को वायुसेना के विशेष विमान से महाराष्ट्र लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शवों का पोस्टमार्टम बागमती प्रांत के चितवन जिले के भरतपुर स्थित अस्पताल में किया जा रहा है। शुक्रवार को मुंबई में महाराष्ट्र राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि भारतीय वायु सेना का एक विमान आज शवों को नासिक लेकर आएगा।



**शुक्रवार को हुआ था बस हादसा :** पुलिस ने बताया कि, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से 43 यात्रियों को लेकर बस नेपाल के पोखरा से राजधानी काठमांडू जा रही थी, जिसमें चालक और दो सहायक शामिल थे। दोपहर के समय तनहुन जिले में मार्सयांगडी नदी के किनारे आंबू खैरेनी क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई। नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के उप प्रवक्ता शैलेंद्र थापा ने बताया कि 16 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि घायल हुए 16 लोगों को हवाई मार्ग से काठमांडू ले जाया गया और त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**दुर्घटना की वजह अभी तक साफ नहीं :** दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। दुर्घटना स्थल काठमांडू से लगभग 90 किलोमीटर पश्चिम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले नेपाल की यात्रा के लिए तीन बसों में महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित मुंबई से 470 किलोमीटर दूर जलगांव जिले के वरनगांव, दरियापुर, तलवेल और भुसावल इलाके के रहने वाले थे।

केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे और नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखाक शनिवार को काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी एजुकेशन अस्पताल पहुंचे और वहां बस हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। शुक्रवार को हुए बस हादसे में 16 लोग घायल हुए थे, जिन्हें एयर लिफ्ट कर काठमांडू लाया गया था, जहां त्रिभुवन अस्पताल में ही उनका इलाज चल रहा है।

# चीन में भारी बारिश-भूस्खलन से 11 की मौत, 14 लापता







**बीजिंग।** चीन के लियाओनिंग प्रांत में हुई मूसलाधार बारिश से भारी तबाही हुई है। इस तबाही ने 11 लोगों की जान ले ली है और 14 अन्य अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। भारी बारिश की वजह से आधारभूत ढांचे को भी भारी नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लियाओनिंग प्रांत के हुलुदाओ इलाके में भारी बारिश के चलते सड़कें, पुल, कम्युनिकेशन नेटवर्क और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 1.44 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

**राहत और बचाव कार्य जारी**

**11 लोगों की गई जान :** इस तबाही में जियानचांग काउंटी और सुइझोंग काउंटी को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा है। बारिश के चलते हुए भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं में 11 लोगों की जान गई है और 14 अन्य लापता हैं। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही प्रभावित इलाकों में ऊर्जा ढांचे और संचार ढांचे को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। बारिश की वजह से 9 राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रांतीय सड़कें तबाह हुई हैं। वहीं 210 सड़कें ग्रामीण इलाकों में तबाह हुई हैं।

चीन के नेशनल कमीशन फॉर डिजास्टर प्रिवेंशन, रिडक्शन एंड रिलीफ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। हाल के दिनों में लियाओनिंग प्रांत में भारी बारिश से काफी परेशानी हुई है। हालात को देखते हुए चीन की सरकार ने आपदा प्रभावित इलाकों में संचार के लिए सैटेलाइट और ड्रोन्स तैनात कर दिए हैं। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों के लिए करीब 700 लोगों और विशेषज्ञों को भेजा गया है। चीन में इन दिनों भारी बारिश का दौर चल रहा है।










# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में लिया भाग

## कहा ओबीसी समाज के लिए भाजपा कर रही है सारे प्रयास



उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं नरेंद्र कश्यप





**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय 11 अशोका रोड पर ओबीसी मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गई। जिसमें मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार एवं यूपी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने भी भाग लिया।

नरेंद्र कश्यप ने इस दौरान यहां पदाधिकारियों को संबोधित किया और कहा कि आगामी होने वाले सभी तरह के चुनाव को ध्यान में रखते हुए ओबीसी मोर्चा को अपने-अपने प्रदेश और जिलों में काम कर रहा है। साथ ही पार्टी के साथ कार्यकताओं को जोड़ना है ताकि भारतीय जनता पार्टी को विजय हासिल हो और कार्यकताओं के लिहाज से भाजपा शक्तिशाली बने। इस दौरान उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कार्यकताओं को भी संबोधित भी किया। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ओबीसी मोर्चा न सिर्फ ओबीसी वर्ग के लोगों बल्कि समाज के अन्य वर्गों को भी भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का काम कर रहा है भाजपा में बीते कुछ वर्षों में ओबीसी समाज की जिस तरीके से भागीदारी और हिस्सेदारी बढ़ रही है, वह एक अच्छे संकेत हैं।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के लिए कर रही है सारे प्रयास : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चे के लिए सभी प्रयास कर रही है। जिस तरीके से ओबीसी मोर्चा और ओबीसी वर्ग की भारतीय जनता पार्टी में हिस्सेदारी बढ़ रही है, वह एक अच्छे संकेत है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जातिवाद की राजनीति से उठकर विकास और विश्वास की राजनीति कर रही है। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर ओबीसी मोर्चा से कार्यकताओं को जोड़ा गया है। साथ ही ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रमों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मंच पर मौजूद रहे नरेंद्र कश्यप

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कार्यालय 11 अशोका रोड पर आयोजित ओबीसी मोर्चा सदस्यता अभियान राष्ट्रीय कार्यशाला में जहां उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप को ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद डॉक्टर के लक्ष्मण का मार्गदर्शन मिला। तो वही इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा विनोद तावडे, राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के बीच उत्तर प्रदेश प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने भी आगामी विधानसभा अन्य उपचुनाव को लेकर अपनी बातचीत पदाधिकारियों से रखी है।

# यौन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए उठाने होंगे कड़े कदम : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य एवं जीडीए बोर्ड सदस्य हाजी आसिफ चौधरी ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर कहा कि यौन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। कोई भी अस्पताल महिलाओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षित ही माना जाता है लेकिन कोलकाता और मुरादनगर की घटनाएं यह बताती हैं कि ऐसे कार्यस्थल भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं रह गए हैं।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज तो बंगाल का एक बड़ा सरकारी मेडिकल कॉलेज है, वहां की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या आपातकालीन वार्ड से सटे सेमिनार हॉल में हुई। दुष्कर्म और हत्या का आरोपी संजय राय कोलकाता पुलिस का वालंटियर था यानी उसकी जिम्मेदारी सुरक्षा देने की थी लेकिन वहीं सुरक्षा के लिए खतरा बन गया। कारण यह है कि ममता सरकार और उसकी कोलकाता पुलिस ने इस जघन्य अपराध पर लीपापोती करने की हर संभव कोशिश की। इसी के चलते इस घटना को लेकर देश भर में वैसा ही आक्रोश है। निर्भया कांड के बाद देखने को मिला नारी शक्ति की सुरक्षा तभी सुनिश्चित होगी जब समाज भी इसकी चिंता करेगा। यह समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए कि घर परिवार के साथ स्कूली शिक्षा दीक्षा और सामाजिक संस्कृत एक राजनीतिक आयोजनों में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने का काम हो।

जब तक महिलाओं के प्रति मानसिकता नहीं बदलेगी तब तक स्थिति बदलने वाली नहीं है। स्थिति बदलने के लिए आने वाली पीढ़ी को नैतिकता संस्कार सदाचार समलैंगिक समानता की शिक्षा देनी होगी। आज स्थिति यह है कि यदि कहीं नैतिक शिक्षा और संस्कारों की महत्ता पर चर्चा चल निकले तो उसका उपहास किया जाने लगता है, ऐसी घटनाओं से निजात पाने के लिए सरकार को दोषी के प्रति सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जिससे कि इस तरह की घटना दोबारा ना हो सके और दोषी घटना को अंजाम देने से पहले कई बार सोचने पर मजबूर हो जाए।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित

## 22 सितंबर 2024 तक 1445 औद्योगिक इकाइयों की हो जलापूर्ति : विक्रमादित्य सिंह मलिक







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर बैठक हुई। बैठक में 22 सितंबर 2024 तक 1445 औद्योगिक इकाइयों तक जलापूर्ति करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए आवश्यक शेष कामों में रफ्तार लाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को निर्देश दिए गए, बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, डॉ अनुज प्रभारी उद्यान, कार्यदाई संस्था गाजियाबाद वॉटर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की टीम तथा वाबेग कंपनी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अग्नि मोहती प्रोजेक्ट मैनेजर, वेबेग, ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड सलाहकार अनुराग, तथा प्रोजेक्ट के तकनीकी सलाहकार तरुण राज भी उपस्थित रहे। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की 1445 इकाइयों द्वारा औद्योगिक जल का उपयोग किया जाएगा जिससे भूगर्भित जल का बचाव होगा। पर्यावरण हित होगा तथा निगम की आय भी बढ़ेगी। नगर आयुक्त द्वारा रोड रेस्टोरेशन के कार्य पर भी प्रगति देखी गई जिसमें 16 किलोमीटर में से 6 किलोमीटर कार्य शेष है जिसको 10 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को भी कार्यदायी संस्था के साथ योजना बनाते हुए 37 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### 37 दिनों में 40 एमएलडी का टीएसटीपी प्लांट होगा शुरू : डीएम

नगर आयुक्त ने बताया कि ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के अंतर्गत 40 एमएलडी प्लांट के निर्माण हेतु चल रहे कार्यों को रफ्तार देने के लिए बैठक की गई। साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को शीघ्र ही जलापूर्ति हो इसके लिए कार्य योजना भी बनाई गई। 22 सितंबर 2024 तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। टीम को हर संभव प्रयास करने के लिए निर्देश दिए गए। टीएसटीपी की भौतिक प्रगति के क्रम में लगभग 92% कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें प्लांट के अंतर्गत आर ओ सिस्टम तथा अल्ट्रा फिल्ट्रेशन का कार्य भी 98% पूर्ण हो चुका है। प्रेजेंटेशन के आधार पर पूरे प्रोजेक्ट का कार्य 92% तक पूर्ण हो चुका है। आगामी माह सितंबर में कार्य को सफलतापूर्वक संचालन की स्थिति में लाया जाए कार्य योजना बनाई गई है जिसके क्रम में सभी कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। यात्राओं का अर्थ केवल सैर सपाटा ही नहीं होता है। बीजेपी नेता केडी त्यागी अपने परिवार सहित राजस्थान यात्रा पर हैं। उन्होंने श्री सालासर बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना की। जयपुर में उन्होंने बच्चो को सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। इस संदेश को फेसबुक पर साझा किया। बीजेपी नेता केडी त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी के नेतृत्व में उपचुनाव की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव तैयारियों को लेकर शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष डा.रेखा चौधरी के नेतृत्व मे शिवाजी फार्महाउस में आयोजित की गई यह बैठक। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने सभी पदाधिकारीगणों को चुनाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया।

पर्यवेक्षक के रूप मे क्षेत्रीय महासचिव ओमवीर तोमर, क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र काठा, क्षेत्रीय महासचिव विक्रांत जावला मंडलाध्यक्ष इंदरवीर भाटी ने कमेटियों का निरीक्षण किया और बूथ तक कमेटी को मजबूत करने के लिए टिप्स दिये। बैठक में मुख्य रूप सेअमित त्यागी, अजयवीर सिंह एड. इंद्रजीत सिंह टीटू, रविंद्र चौहान, अभिषेक त्यागी, ओ.डी त्यागी, प्रदीप त्यागी, सुधीर तोमर, सामंत सेखरी, हरेंद्र चौधरी, जयदीप सिंह, राजू गौतम, भूपेंद्र बाबी, लोकेश चौधरी, दीपक नागर, यश चौधरी, राकी चौ., सत्यवीर चौ., नीरज, कल्पना शर्मा, स्वेता सिंह, सुमन अग्रवाल, अरविंद तेवतिया, राजेन्द्र, गुड्डू चौधरी, नवाब सिंह नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### घर में बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना मसूरी क्षेत्र के ग्राम नाहल में तड़के एक घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना उस समय हुई जब बच्चे नाहिद (14), फैजान (12), और जुनैद (10) रात को सोए हुए थे। सुबह के समय अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लग गई, जिससे घर को भारी नुकसान हुआ और बच्चों की हालत भी गंभीर हो गई। इस घटना के समय बच्चों के माता मोहसिना और पिता जाकिर, दिल्ली के एक अस्पताल में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भर्ती थे। आग की चपेट में आने के बाद, बच्चों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। परिवार ने स्थानीय प्रशासन और समाज से इस दुखद घटना में सहायता की अपील की है।

!! शोक संवेदना पत्र !!
!! ॐ शान्ति !! ॐ शान्ति !!



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती विद्यावती जी**
का आकस्मिक निधन
रविवार, 18 अगस्त को हो गया है। परम परमेश्वर प्रभु की ऐसी इच्छा थी उनकी तेहरवीं (हवन) रविवार, 25 अगस्त 2024 को होनी सुनिश्चित हुई है।
-: श्रद्धांजलि कार्यक्रम :-
हवन ........................................ सुबह 09:00 बजे
श्रद्धांजलि (शोक सभा) ........................ सुबह 10:00 बजे
श्रद्धांजलि स्थल : ग्राम बम्बावड़, थाना बादलपुर, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर
निवेदक शोकाकुल परिवार
एड0 सुखवीर नागर (पुत्र) (ADGC गौतमबुद्ध नगर)
श्रीमती सुनीता नागर (पुत्र वधू)
डा0 प्रीति नागर MBBS DGO पुत्र वधू W/O (स्व. डा. सत्यवीर नागर विद्या हॉस्पिटल रेलवे रोड, दादरी)
डा0 सपना नागर ( प्रो. मिहिरभोज डिग्री कॉलेज दादरी ) पुत्र वधू W/O (स्व. डा. राजवीर सिंह नागर MBBS DMRE)
श्रीमती पूजा नागर (पुत्र वधू) AAO रक्षा मंत्रालय
एड0 वैभव नागर (पौत्र) जिला बार गौतमबुद्ध नगर
गौरव नागर (पौत्र) GNG Motors & Realestate
डा0 अभीत नागर (एम.बी.बी.एस., एम.डी.) (पौत्र)
डा0 अनुज नागर (एम.बी.बी.एस. Pursuing) (पौत्र)
डा. पारखी नागर (एम.बी.बी.एस. Pursuing) (पौत्री)
शौर्य वीर नागर (B-Tech Pursuing) (पौत्र)
आदर्श नागर (पौत्र)
अभिज्ञान नागर (पौत्र)
चौ0 महाराज सिंह नागर
चौ0 महावीर सिंह नागर
जयवीर नागर (जल बोर्ड, दिल्ली)
एड0 कुंवरपाल नागर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन हिन्द)
संजय नागर
चौ0 पवन नागर सरपंच (मुन्नु)
शिव शक्ति ट्रेडिंग प्रा.लि. कम्पनी
चौ0 कपिल नागर (रिप्पे सरपंच)
चौ0 आशीष नागर सरपंच (नागर भट्टा कम्पनी)
समस्त नागर परिवार व मित्रगण
**डा. अशोक नागर** पुत्र (पूर्व MLC प्रत्याशी एवं प्रदेश संयोजक भाजपा)
सम्पर्क : 9871240702, 9953502643, 9871588860, 9810425343

शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री रामअवतार शर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 18.8.24 को हो गया है प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी जिनकी अरिष्टी 25.8.2024 को दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है
हवन........................09 बजे प्रातः
(मकान नंबर 992 सूरजमल एनक्लेव सेक्टर 23 संजय नगर)
ब्रहमभोज....................11 बजे प्रातः
रसम पगढी................... 02 बजे दोपहर
कार्यक्रम स्थल :- परिवर्तन फार्म हाउस
गुलधर सेकंड 40 फुटा रोड
संजय नगर सेक्टर 23 गाजियाबाद
शोकाकुल :-
एडवोकेट मनोज पंडित, डॉ संजीव शर्मा, पंडित इंद्र मोहन शर्मा उर्फ गांधी, मुकेश कुमार शर्मा, पंडित धर्मेंद्र शर्मा, पंडित नरेंद्र शर्मा, पंडित जितेंद्र शर्मा, पंडित किट्टू शर्मा, पंडित विमल शर्मा, अमित कौशिक, भूषण पंडित समाजसेवी, मनोज पंडित वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी महानगर गाजियाबाद, पंडित हरीश शर्मा अध्यक्ष श्री परशुराम ब्राह्मण एकता मंच, महामंत्री संजय नगर व्यापार मंडल, संस्थापक जनशक्ति एक आवाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी, आदर्श शर्मा, आदित्य शर्मा, आर्यन शर्मा